राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -46 रायपुर बुधवार 07 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



मार्च 2024 से जबलपुर से दिल्ली और मुंबई के लिए यात्री विमान सेवा प्राप्त होगी



गडकरी ने अरुणाचल प्रदेश में एनएच-913 (फ्रंटियर राजमार्ग) के लाडा-सरली सेक्शन के निर्माण के लिए 2,248.94 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी

## सीएम सिद्धारमैया पर हाईकोर्ट सख्त, 10 हजार का लगाया जुर्माना



**बेंगलुरु:** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क अवरुद्ध करने के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य कांग्रेस नेताओं पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने यह कहा कि लोगों का प्रतिनिधि होने के कारण सड़क अवरुद्ध करने का कार्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ ने विशेष अदालत में मुकदमे की कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली सीएम सिद्धारमैया की याचिका को खारिज कर दिया। यह जुर्माना बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन से जुड़ी पुलिस सब-इंस्पेक्टर जाहिदा को मामले में घसीटने और उन्हें एक पक्ष बनाने के लिए लगाया गया है।

पीएम मोदी गोवा में 'भारत ऊर्जा सप्ताह' का किया उद्घाटन

# ऊर्जा से वैश्विक विकास की दिशा निर्धारित करता भारत

### भारत न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है बल्कि पूरे विश्व की कर रहा है

### 10 महीने में 75 हजार पेटेंट का रिकॉर्ड, हर दिन 250 पेटेंट फाइलिंग गति दे रहे हैं

एजेंसी।



भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 भारत की सबसे बड़ी और एकमात्र सर्वव्यापी ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन है, जो भारत के ऊर्जा संक्रमण लक्ष्यों को उत्प्रेरित करने के लिए संपूर्ण ऊर्जा मूल्य चेन को एक साथ लाता है। पीएम ने आगे कहा कि यह तब हो रहा है जब वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में भारत की जीडीपी दर 7.5 प्रतिशत को पार कर गई है, जो विश्व विकास अनुमान से अधिक है, जिससे भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से है, जहां करोड़ों घरों को विद्युतीकृत कर 100 प्रतिशत बिजली कवरेज हासिल किया गया है और इस प्रकार विकास की दिशा तय कर रहा है। पीएम मोदी ने साउथ-गोवा में 'इंडिया एनर्जी वीक 2024' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और केंद्रीय पेट्रोलियम, तेल व प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली मौजूद थे. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्रतिकूल ग्लोबल कारकों के बावजूद, भारत उन कुछ देशों में से है जहां पेट्रोल की कीमतें कम हुई हैं. करोड़ों घरों को विद्युतीकृत कर 100 प्रतिशत बिजली कवरेज हासिल किया गया है. भारत न सिर्फ अपनी जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि दुनिया के विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

पीएम ने भविष्य में इसी तरह के विकास रुझानों की अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की भविष्यवाणी का भी उल्लेख किया. पीएम मोदी ने कहा, ÷दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा.÷ पीएम ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा, तेल और एलपीजी उपभोक्ता है. भारत चौथा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार होने के साथ-साथ चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और रिफाइनर है. पीएम ने देश में ईवी की बढ़ती मांग को भी रेखांकित किया और 2045 तक देश की ऊर्जा मांग दोगुनी होने के अनुमान के बारे में भी बात की. विश्व पर्यावरण संबंधी चिंताओं को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी का घर होने के बावजूद, भारत का कार्बन उत्सर्जन हिस्सा केवल 4 प्रतिशत है. भारत का लक्ष्य 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करना है. प्रधानमंत्री ने सरकार के सुधारों और देश द्वारा प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में गैस का प्रतिशत 6 से 15 प्रतिशत तक ले जाने के प्रयासों के कारण घरेलू गैस के बढ़ते उत्पादन पर ध्यान दिया. उन्होंने कहा कि अगले 5-6 साल में इसमें करीब 67 अरब डॉलर का निवेश आएगा। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता अपशिष्ट से धन प्रबंधन मॉडल के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को बदलने की है।

## भाजपा ने 2 लाख गांवों तक पहुंचने के लिए बनाया मेगा प्लान, 12 फरवरी से ग्राम परिक्रमा यात्रा' का शुभारंभ



**एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ हैट्रिक बनाने के मिशन में जुटी भाजपा ने देश के 2 लाख गांवों तक पहुंचने के लिए 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' का मेगा प्लान तैयार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा किसानों के गढ़ माने जाने वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से 12 फरवरी को इस यात्रा का शुभारंभ करेंगे। पार्टी ने इस लॉन्चिंग यानी शुभारंभ कार्यक्रम को भी एलईडी के माध्यम से देशभर में किसानों को लाइव दिखाने के लिए एक बड़ी योजना बना ली है।

## बजट सत्र को एक दिन बढ़ाने की तैयारी, यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियों का श्वेत पत्र लाने की तैयारी

एजेंसी

संसद के मौजूदा बजट सत्र को एक दिन के लिए बढ़ाया जा सकता है. सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ श्वेत पत्र लाएगी. सूत्र ने बताया कि शुक्रवार या शनिवार को 2004-2014 तक के बेशकीमती 10 सालों में यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन पर केंद्र सरकार श्वेत पत्र लाने की तैयारी कर रही है. श्वेतपत्र यूपीए शासनकाल के दौरान अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन पर केंद्रित होगा. संसद का सत्र भी एक दिन के लिए इस वजह से ही बढ़ाया गया है।


मोदी का लक्ष्य : 'अब की बार, 400 पार' से विपक्ष हुआ भयभीत

# सरकार देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने के प्रति कटिबद्ध

एजेंसी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने के प्रति कटिबद्ध है। प्लेटफॉर्म पर अपनी पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बेहतर निगरानी के लिए सीमा के साथ-साथ एक पैट्रोल ट्रैक भी बनाया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि कुल सीमा में से मणिपुर के मोरेह में 10 किलोमीटर के हिस्से में बाड़ लगाई जा चुकी है।

के माध्यम से बाड़ लगाने के लिए 2 पायलट प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और इन प्रोजेक्ट्स के तहत अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में से प्रत्येक में 1 किलोमीटर सीमा पर बाड़ लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मणिपुर में लगभग 20 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ लगाने को भी मंजूरी मिल चुकी है और इस पर काम जल्द शुरू हो जाएगा।



बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में विरोधी दलों को करारा जवाब दिया। अपने 10 साल के काम गिनाए और फिर ऐलान किया कि तीसरी बार भी उन्हीं की सरकार बनेगी। मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा यक़ीन है कि देश की जनता NDA को 400 से ज्यादा और बीजेपी को कम से कम 370 सीटें देगी।

नींव रखेंगे।

मोदी ने एक तरह से लोकसभा में खड़े होकर बीजेपी के कैंपेन की टोन सैट कर दी, विरोधी दलों के लिए लंबी लकीर खींच दी। मोदी के भाषण में ज़बरदस्त आत्मविश्वास झलक रहा था। आम तौर पर मोदी इस तरह सीटों की बात नहीं करते लेकिन विरोधी दल बार-बार कहते हैं कि हम इकट्ठे हो जाएंगे और इस बार मोदी को हराएंगे। मोदी ने उसी का जवाब दिया। मोदी ने विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया। मोदी-विरोधी गठबंधन के नेताओं का एक आरोप ये है कि मोदी ने विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ CBI और ED का इस्तेमाल किया, उन्हें डराया। सोमवार को भी हेमंत सोरेन और केजरीवाल ने यही आरोप लगाया।

मोदी ने साफ-साफ कहा कि चाहे कोई कुछ भी कहे, कहने दो जो कहता रहे, वो देश में लूटने वालों के खिलाफ वो एक्शन लेते रहेंगे। उन्होंने ये भी गिना दिया कि बीते 10 साल में ED ने कितनी सम्पति जब्त की है और UPA सरकार के 10 साल के शासन में कितनी प्रॉपर्टी ज़ब्त की गई, मेरी कमीज तुम्हारी कमीज़ से कितनी सफेद है, ये दिखा दिया।

## हरदा में बड़ा हादसा, पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

### 12 की मौत, 100 से अधिक घायल, सड़क पर बिखरे पड़े शव





**हरदा.** मध्य प्रदेश के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया. हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई. वहीं 100 से ज्यादा लोग घायल हैं. फैक्ट्री के आसपास सड़क पर भी कुछ शव पड़े हुए दिख रहे हैं. प्रशासन ने 25 से ज्यादा घायलों को हरदा जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. रेस्क्यू ऑपरेशन में सेना की ली जाएगी. लोगों को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया जाएगा पटाखों की यह फैक्ट्री मगरधा रोड पर बैरागढ़ गांव में है. धमाका मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुआ. धमाके की चपेट में आने से कई राहगीर वाहन समेत दूर उछल गए. धमाका इतना तेज था कि पूरे शहर में इसकी आवाज सुनाई दी. आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से देखा जा सकता है. अभी भी रुक-रुककर धमाके हो रहे हैं.

जानकारी मिली है कि फैक्ट्री के आसपास बने घरों में बारूद रखा था. धमाके के बाद 60 घरों में आग लग गई. एहतियातन 100 से ज्यादा घरों को खाली कराया गया है. हरदा के आसपास 7 जिलों की फायर ब्रिगेड बुलाई गई है. आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

## चिली में सदी की सबसे घातक आग, सैकड़ों लोगों की मौत



### राष्ट्रपति ने की आपातकाल की घोषणा

चिली के जंगलों में लगी आग बुरा प्रभाव डाल रही है। चिली के 100 से भी ज्यादा जंगलों में लगी आग का बुरा असर क्लाइमेट पर भी पड़ सकता है। आग के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मौतों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश बहुत बडी त्रासदी का सामना कर रहा है। चिली के तटीय शहरों में छाए धुंए के कारण आपात स्थिति की घोषणा की गई है। इस कारण स्थानीय लोग अपने घरों को छोड़कर भागने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार कई दिनों पहले लगी जंगल की आग के कारण विना देल मार और वालपराइसो के बाहरी हिस्सों पर खतरा मंडरा रहा है। ये दोनों तटीय शहर पर्यटकों में काफी लोकप्रिय हैं। कॉन्सेप्सियन विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता फ्रांसिस्को डी ला बैरेरा ने कहा- 2017 में आग की लपटों ने चिली के एक शहर को नष्ट कर दिया और 11 लोगों की जान ले ली थी।

## बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप की शुरुआत




एजेंसी।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और श्री खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2024 की शुरुआत की। बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप पहली बार आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि दुनिया की 25 प्रतिशत आबादी दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में रहती है। उन्होंने आगे कहा कि 7 बिम्सटेक देशों के एक साथ आने से, बंगाल की खाड़ी क्षेत्र न केवल यात्रा और परिवहन के लिए उपयोग किया जाने वाला क्षेत्र बनेगा, बल्कि प्रगति, विकास और सहयोग का क्षेत्र भी बन जाएगा।

# उत्तराखंड : लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर जेल

एजेंसी।



अगर कोई लिव-इन रिलेशनशिप में आने के एक महीने के दौरान रजिस्ट्रेशन नहीं कराता है। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दोषी ठहराए जाने पर 3 महीने के लिए जेल भेजा जाएगा या दस हजार जुर्माना या जेल और जुर्माना दोनों से दंडित किया जा सकता है। अगर कोई व्यक्ति लिव-इन रिलेशनशिप रजिस्ट्रेशन के दौरान कोई चीज छिपाता है या झूठ बोलता है तो तीन महीने तक की कैद या अधिकतम पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश किया गया। इस विधेयक उत्तराखंड में सभी नागरिकों के लिए उनके धर्म की परवाह किए बिना एक समान विवाह, तलाक, भूमि, संपत्ति और विरासत कानूनों का प्रस्ताव है। यूसीसी विधेयक में यह भी कहा गया है कि अगर कोई लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है तो उसका रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर छह महीने की जेल हो सकती है। विधेयक में प्रस्ताव है कि जो कोई भी राज्य के भीतर लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है, चाहे वह उत्तराखंड का निवासी हो या नहीं, उसे अपने लिव-इन रिलेशनशिप का विवरण प्रशासन के समस्त पेश करना होगा। लिव-इन रिलेशनशिप का विवरण संबंधित रजिस्ट्रार दफ्तर में देना अनिवार्य होगा।

**यूसीसी लागू होने के बाद बदल जाएंगी ये चीजें**

यूसीसी के लागू होने के बाद बहुविवाह पर रोक लग जाएगी। लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र 21 साल तय की जा सकती है। लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा। लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों को अपनी जानकारी देना अनिवार्य होगा और ऐसे रिश्तों में रहने वाले लोगों को अपने माता-पिता को जानकारी देनी होगी। विवाह पंजीकरण नहीं कराने पर किसी भी सरकारी सुविधा से वंचित होना पड़ सकता है। मुस्लिम महिलाओं को भी गोद लेने का अधिकार होगा और गोद लेने की प्रक्रिया सरल होगी। पति और पत्नी दोनों को तलाक की प्रक्रियाओं तक समान पहुंच प्राप्त होगी। नौकरीपेशा बेटे की मृत्यु की स्थिति में बुजुर्ग माता-पिता के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पत्नी पर होगी और उसे मुआवजा मिलेगा। पति की मृत्यु की स्थिति में यदि पत्नी पुनर्विवाह करती है तो उसे मिला हुआ मुआवजा माता-पिता के साथ साझा किया जाएगा। अनाथ बच्चों के लिए संरक्षकता की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। पति-पत्नी के बीच विवाद के मामलों में बच्चों की कस्टडी उनके दादा-दादी को दी जा सकती है। ऐसे हालत में लिव-इन संबंध पंजीकृत नहीं किया जाएगा।

## ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स को हुआ कैंसर

**एजेंसी।** लंदन. ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय को कैंसर हो गया है। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी बयान में ये जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि 75 साल के किंग चार्ल्स के बढ़े हुए प्रोस्टेट के इलाज के दौरान उनको कैंसर होने का पता चला है। बयान में ये नहीं बताया गया है कि किंग चार्ल्स को किस तरह का कैंसर है और शरीर के किस हिस्से में है। बताया गया है कि किंग का कैंसर प्रोस्टेट से संबंधित नहीं है और सोमवार से उनका इलाज शुरू हो गया है। किंग चार्ल्स को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया है, उनका घर पर ही इलाज किया जा रहा है।



शाही परिवार के प्रवक्ता ने कहा है कि किंग चार्ल्स पूरी तरह से सकारात्मक हैं और जल्दी ही अपने राजकीय कामकाज दोबारा शुरू करेंगे। हालांकि उनकी बीमारी के ठीक होने में कितना समय लगेगा इसके बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। किंग चार्ल्स के प्रवक्ता का कहना है कि उन्होंने अपने प्रोस्टेट के उपचार को जान बूझकर सार्वजनिक किया ताकि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़े।

# पाक आर्मी ठिकानों पर हमलों में चश्मदीदों ने बताया इमरान को मास्टरमाइंड

एजेंसी।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। चुनाव से पहले उन्हें दो अलग अलग मामलों में 10 साल और 14 साल की सजा सुनाई गई है। अब तो उन पर मौत की सजा की तलवार लटक रही है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को फांसी की सजा भी हो सकती है। दरअसल, पिछले साल 9 मई को सैन्य ठिकानों पर इमरान के समर्थकों द्वारा किए गए हमलों में प्रत्यक्षदर्शियों ने इमरान खान को इस घटना का मास्टरमाइंड करार दिया है। इससे 71 साल के इमरान खान की फजीहत और बढ़ गई है। पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान के करीबी सूत्रों हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इनमें से किसी भी चश्मदीद को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी रियायत की पेशकश का दावा नहीं किया गया है।

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले इमरान खान को अब तक कुल 4 मामलों में 34 साल की जेल की सजा हो चुकी है। वहीं देश के खिलाफ षडयंत्र रचने और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले के मास्टरमाइंड के रूप में स्थापित किया जा रहा है। इसका असर चुनावों पर पड़ सकता है। पिछले साल 9 मई को पीटीआई कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में ISI बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों पर तोड़फोड़ की थी। रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय पर भी हमले हुए थे।



**सेना के ठिकानों पर हमले को लेकर इमरान ने कही थी ये बात** - हालांकि, खान दावा करते रहे हैं कि सेना के ठिकानों पर हमला लंदन एग्रीमेंट का हिस्सा था। इमरान खान पूर्व पीएम नवाज शरीफ को सेना की ओर से एक बार फिर सत्ता में लाने के प्रयास को लंदन एग्रीमेंट कहते रहे हैं। उनका आरोप है कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज प्रमुख नवाज शरीफ को शक्तिशाली पाकिस्तानी सेना का समर्थन प्राप्त है। बता दें कि सैन्य ठिकानों पर हमला मामले में 100 लोगों पर पहले ही मुकदमे चल चुके हैं। इस केस में आरोपियों को सजा सुनाए जाने की दर 90 फीसदी है।

### सैन्य अदालतों पर फिलहाल पाबंदी, लेकिन खतरनाक रहा है इतिहास

फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने सैन्य अदालतों को फैसला सुनाने पर पाबंदी लगा रखी है। अगर इमरान खान पर इस मामले में सैन्य अदालत कार्रवाई करती है तो इस बात की आशंका ज्यादा है कि उन्हें फांसी की सजा सुनाई जाए क्योंकि पाकिस्तान में ऐसा इतिहास रहा है कि जो भी शख्स पाकिस्तानी सेना को चुनौती देता है, वह ज्यादा दिन नहीं बच पाता है। पाकिस्तान आर्मी एक्ट की धारा 59 में दोषी पाए गए शख्स को सजा-ए-मौत सुनाई जा सकती है। इस धारा का इस्तेमाल असैन्य अपराधों के लिए किया जाता है।

# अब तक की सबसे बड़ी धान खरीदी, 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर अब तक की सबसे बड़ी धान की खरीदी हुई है। एक नवंबर से 04 फरवरी तक चले इस अभियान में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद अब तक हुई यह सबसे बड़ी धान खरीदी है। इस वर्ष 130 लाख टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया था। इस साल की धान खरीदी की तुलना करने पर यह पिछली धान खरीदी से 37.39 लाख टन अधिक है। पिछले साल 107.53 लाख टन धान की खरीदी हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की गई। किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान की खरीदी की गई है। वर्तमान में किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है। जल्द ही अंतर की राशि का भुगतान किसानों को किया जाएगा। धान खरीदी सीजन में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसके एवज में किसानों को 30 हजार 68 करोड़ 81 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों एवं किसान प्रतिनिधियों की मांग और उनकी परेशानियों को देखते हुए धान खरीदी की अवधि 31 जनवरी से बढ़ाकर 4 फरवरी कर दी थी। ऐसे किसान जो किन्हीं कारणों से 31 जनवरी तक धान नहीं बेच पाए थे, उन किसानों को मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील फैसले का लाभ मिला। धान खरीदी के लिए बढ़ाई गई अवधि में 19 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं।



## छ.ग. में सीपीआई को झटका: पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने दिया इस्तीफ

**रायपुर।** पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने सीपीआई पार्टी से सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है. साथ ही उन्होंने अपने केंद्रीय नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की है. मनीष कुंजाम के इस्तीफ देने से सीपीआई को बड़ा झटका लगा है. हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता उनको मनाने की कोशिश में लगे हुए हैं. इस्तीफ देने के बाद मनीष कुंजाम ने कहा, पार्टी की गैरजिम्मेदारी के चलते छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था. आगे उन्होंने कहा, जल, जंगल, जमीन की लड़ाई जारी रहेगी. बस्तर के हित में लड़ाई हमेशा जारी रहेगी. भूमकाल लड़ाई का महीना चल रहा है एक नई शुरुआत करेंग।



बता दें कि, 2023 विधानसभा चुनाव में सीपीआई से जुड़े मनीष कुंजाम कोण्टा विधानसभा से चुनाव लड़ें थे. सीपीआई की राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता खत्म होने और चुनाव आयोग की प्रक्रिया पूरी नहीं करने की वजह से कुंजाम को निर्दलीय लड़ना पड़ा था.

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देशवासियों के लिए उम्मीद की नई किरण

**रायपुर।** शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आयोजित की गई थी। पत्रकार वार्ता में राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में चर्चा की गई। राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय निगम सभापति प्रमोद दुबे शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा शहर प्रवक्ता बंशी कन्नौजे पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित थे।




पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विकास उपाध्याय ने जानकारी दी की छत्तीसगढ़ में यह यात्रा 8 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे रायगढ़ में प्रवेश करेगी दो दिवस के विश्राम के बाद 11 फरवरी को यात्रा रायगढ़ से होते हुए सक्ति कोरबा अंबिकापुर के रास्ते उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। 7 जिलों से होकर यह यात्रा गुजरेगी एवं 536 किलोमीटर तक यह यात्रा राहुल गांधी 5 दिनों में पूरी करेंगे। विकास उपाध्याय ने कहा कि देश की एकता अखंडता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस यात्रा की शुरुआत की गई।भुखमरी महंगाई बेरोजगारी किसानों की बदहाली सांप्रदायिक विद्वेष के दौर में राहुल गांधी की न्याय पदयात्रा लोगों के जख्मों में मरहम साबित होगी।

प्रमोद दुबे ने कहाँ कि जन अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तन सत्याग्रह साबित होगा। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहाँ की राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा की शुरुआत से ही भाजपा डरी हुई है मणिपुर सरकार ने इंफाल में यात्रा की शुरुआत के लिए पहले तो अनुमति देने से मना किया जब अनुमति दी गई तो उसमें शर्तें भी लगा दी गई थी असम में भाजपा सरकार ने यात्रा में बाधा करने के लिए स्तरहीन हथकंडे अपनाये।

भाजपा की मोदी सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है वह नहीं चाहती है कि देश की जनता की महंगाई बेरोजगारी जैसी समस्याओं के

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 4800 किमी किया प्लेन ट्रैक टैंपिंग का कार्य

**रायपुर।**

भारतीय रेलवे के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगभग 5480 ट्रैक रूट किलोमीटर रेल लाइन के साथ प्रतिदिन औसत लगभग 360 यात्री गाड़ियों के साथ-साथ माल गाड़ियों का भी परिचालन करती है। इतनी बड़ी संख्या में रेल लाइनों पर गाड़ियों के परिचालन से निश्चित ही रेल लाइनों का समयानूसार आवश्यक मेंटेनेंस कार्य की आवश्यकता होती है। अगर रेल लाइनों की बात की जाए तो यह मात्र लोहे के दो पटरियों को समतल जगह पर गिट्टी के ऊपर बिछाकर रेल चलाने जितनी सरल नहीं है। रेल परिचालन जितना महत्वपूर्ण है उतना ही जरूरी रेल पटरियों का मेंटेनेंस भी है। संरक्षा की दृष्टि से तो यह और भी अतिआवश्यक है। रेल लाइनों के मेंटेनेंस में मुख्य रूप से रेल लाइनों की लाइनिंग, लेवलिंग एवं अलाइनमेंट बहुत ही महत्वपूर्ण है इसके साथ ही साथ रेल लाइनों के नीचे बिछा हुआ गिट्टी या बैलास्ट, जो कि लाइनों के लिए कुशन का कार्य करती है तथा रेल लाइनों के ऊपर पड़ने वाली गाड़ियों के भार को सही मात्रा में बाँटकर रेल



यात्रियों के आरामदायक यात्रा को सुनिश्चित करने में मदद करती है।

रेल यात्रियों के संरक्षित सफर को सुनिश्चित करने में रेल लाइनों के मेंटेनेंस कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। नए जरूरतों को देखते हुए रेलवे द्वारा अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। इन अत?याधुनिक मशीन के द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेक प्रकार के कार्य सुगमता से सरलता से किए जाते हैं। मशीन के द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है, और साथ-साथ में रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल एवं सुरक्षित तरीके से कर देती है जिससे ट्रैक कर्मियों की सुरक्षा भी बनी रहती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीसरी लाइन, चौथी लाइन एवं नई लाइन के निर्माण कार्य तथा कार्यरत लाइन के अनुरक्षण एवं मरम्मत के लिए मशीनों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। इसके के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल में मैनपावर के साथ, उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके आधुनिक ट्रैक मेंटेनेंस किया जा रहा है। नागपुर से बिलासपुर की मेन लाइन की गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे की जा चुकी है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन की गति मे वृद्धि का परीक्षण भी किया जा चुका है। आने वाले समय में इस सेक्शन की गति मे भी वृद्धि हो जाएगी। ऐसे में इस मशीनों की आवश्यकता तथा महत्ता और बढ़ गई है।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रेल लाइनों का ट्रैक मशीनों के द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के अप्रैल'2023 से जनवरी' 2024 तक पिछले 10 महीनों में 4800 किलोमीटर से भी अधिक प्लेन ट्रैक की टैंपिंग का कार्य किया गया है, जो कि पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान दिन हो या रात, सर्दी हो या बरसात 24 घंटे रेल कर्मचारी एक-एक मिनट के समय का सदुपयोग करते हुए। संरक्षित रेल परिचालन के लिए कार्य करता है। इसके साथ ही साथ इन्ही दौरान रेलवे लाइनों पर ट्रैको के रिनिवल एवं मेंटेनेंस करनेवाली मशीनों से भी कार्य लिया जाता है।

## भ्रष्टाचार पर बात हुई है कांग्रेस सहम जाती है इतना डरते क्यों है: देवलाल ठाकुर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने भ्रष्टाचार के मामलों में जाँच कार्रवाई का सामना कर रहे पूर्ववर्ती कांग्रेसी सरकार में खाद्य मंत्री रहे अमरजीत भगत पर केंद्रीय जाँच से बौखलाकर पाखंडपूर्ण विक्टिम कार्ड खेलने के लिए तीखा हमला बोला है। श्री ठाकुर ने कहा कि गरीबों के हक के 500 करोड़ रुपए का चावल डकार जाने के बाद अब जाँच कार्रवाई को लेकर प्रलाप कर रहे हैं।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को इस बात की गारंटी दी है कि पाँच सालों के शासनकाल में भूपेश सरकार ने जो हजारों करोड़ रुपए के घपले-घोटाले करके कांग्रेस नेताओं की तिजोरियों को भरने और छत्तीसगढ़ की जनता की पसीने की गाढ़ी कमाई लूटकर छत्तीसगढ़ को 10, जनपथ का एटीएम बनाने का धत्कर्म किया है, उसकी सख्ती से जाँच होगी। भाजपा को प्रदेश की जनता ने इसी के लिए ऐतिसहासिक जनादेश देकर सत्ता सौंपी है। इसलिए पूर्व मंत्री भगत अब विक्टिम कार्ड खेलने से बाज आएँ। श्री ठाकुर ने सवाल किया कि अगर भगत निर्दोष हैं तो वह जाँच के नाम पर बौखलाकर प्रलाप क्यों कर रहे हैं? क्या भगत यह चाहते हैं जिनके घरों से जो बेहिसाब नगद राशि बरामद हुई है, उसकी जाँच नहीं कराई जानी चाहिए? जिनके घरों से बेहिसाब सोना-चांदी और गहने बरामद हुए हैं, उनका पूरा हिसाब प्रदेश की जनता के सामने नहीं लाया जाना चाहिए? जिनकी भ्रष्टाचार के तमाम मामलों में गिरफ्तारी हुई है, आखिर उन्हें सारी मशक्कत करने के बाद भी कोर्ट से जमानत तक के लाले पड़े हुए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार के राज में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार करके सरकारी खजाने में डाका डाला गया और विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखने वाली भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ पर हजारों करोड़ रुपयों का कर्ज लाद दिया गया। इससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि जब-जब भाजपा ने एक सजग विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करते हुए भ्रष्टाचार पर सवाल उठाए तो तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बजाय घपलों-घोटालों पर अंकुश लगाने के, भ्रष्टाचार के आरोपियों के सबसे बड़े पैरोकार बन रहे थे। इससे अधिक निर्लज्ज राजनीतिक आचरण देश के इतिहास में कदाचित ही देखने-सुनने को मिले। श्री ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी तयशुदा पराजय को भाँपकर कांग्रेसियों की नींद उड़ी हुई है और इसीलिए एक बार फिर जांच एजेंसियों को निशाना बनाकर कांग्रेसी भ्रष्टाचार के संरक्षण का काम कर है।

## शिक्षा की गुणवत्ता ही बना सकती है भारत को विश्व में सिरमौर: शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर।** भारत को विश्व सिरमौर बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत है, शिक्षण संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। शिक्षण संस्थाओं को नवाचार को बढ़ावा देकर छात्रों को रचनात्मक सोच के लिए प्रोत्साहित करना होगा। ये बातें छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रतिभा सम्मान समारोह और वार्षिकोत्सव के अवसर पर कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि जिन छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है, उनमें से कई को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती है। जिस कारण वे राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं हो पाते हैं। उच्च शिक्षण संस्थाओं को छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान




करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्हें छात्रों को अनुसंधान में भाग और नवाचार के लिए हमेशा प्रोत्साहित करना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ ही खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों पर जोर देना चाहिए। इस दौरान शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने महाविद्यालय में आयोजित पुरातात्विक प्रतिकृति कार्यशाला का भी निरीक्षण कर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चैबे, प्राचार्या डॉ. किरण गजपाल सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक और छात्राएं उपस्थित थी।

## स्मार्ट सिनेमा अवॉर्ड 2024 समारोह आज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म के भीष्म पितामह स्व. विजय कुमार पाण्डेय निर्माता एतिहासिक छत्तीसगढ़ी फिल्म घर-द्वार 1965 की स्मृति में आयोजित स्मार्ट सिनेमा अवार्ड 2024 समारोह।छत्तीसगढ़ी सिनेमा इंडस्ट्रीज का प्रतिष्ठित स्मार्ट सिनेमा अवार्ड समारोह 2024 मंगलवार 06 फरवरी को दोपहर 2 बजे से नवा रायपुर स्थित सौभाग्यं ऑडिटोरियम,श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल में आयोजित होगा।जिसमे वर्ष 2023 में रिलीज छत्तीसगढ़ी सिनेमा जो अवार्ड के लिए नामांकन में शामिल हुई है उसमें से सर्वश्रेष्ठ को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। स्मार्ट सिनेमा अवार्ड के आयोजक पी एल एन लक्की और दीपक श्रीवास्तव ने बताया की यह आयोजन का लगातार 12 वर्ष है जिसमे हर साल की तरह इस साल भी छालीवुड सिनेमा के कलाकारों को सम्मानित करने के सिलसिले को सौभाग्यं ऑडिटोरियम,श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल, नया रायपुर में दोपहर से रंगारंग कार्यक्रम के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार अपनी प्रस्तुतियां भी देंगे साथ ही 31 कैटेगरी में अवार्ड दिया जाएगा। वर्ष 2023 में रिलीज छत्तीसगढ़ी फिल्मों को अवार्ड में शामिल किया गया है।

## बड़े बकायादारो के संबंधित 9 संस्थाओं को सीलबंद किया

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम के सभी जोन कमिश्नरों , राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों को नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डो में सभी बडे बकायेदारों से नियमानुकुल कडाई के साथ बकाया राजस्व वसूली अभियानपूर्वक नगर पालिक निगम रायपुर के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतरता से सुनिश्चित करने एवं बड़े बकायेदारों के संस्थानों में बकाया न देने की स्थिति में संबंधित बकायादारों पर सीलबंदीध् कुर्की की कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनों के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों , राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली हेतु प्रतिदिन निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। आज इस क्रम में नगर पालिक निगम




राजस्व विभाग की टीमो ने बकाया निगम को अदा न करने पर संबंधित 9 संस्थानो में कडाई से सीलबंदी की कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान निगम राजस्व विभाग को 429723 रू. का भुगतान स्थल पर तत्काल प्राप्त हुआ। आज जोन 1 राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 18 में वर्ष 2016-17 से 124468 रू. के बकायेदार मनोज, विनोद प्रकाष पर कार्यवाही की। 2 स्थानों पर बकायेदारों द्वारा निगम को बकाया अदा न करने पर सील बंद की कार्यवाही की गई। निगम जोन 4 राजस्व विभाग द्वारा गोलबाजार एवं मोतीबाग काम्पलेक्स में 2019-20 से 356040 रू. के बकायेदार गुलाब भाई दुकान नंबर 33, कय्यूम भाई दुकान नंबर 34 की दुकानों में बकाया अदा न करने पर सीलबंदी की कार्यवाही की गई। चार अन्य बकाया दुकानदारों ने स्थल पर ही कुल 173240 रू. बकाया राषि का निगम को तत्काल भुगतान कर दिया। निगम जोन 7 राजस्व विभाग द्वारा वार्ड 24 में 11122 रू. के बकायेदार ऋच्चा अग्रवाल एमबीए दुकान द्वारा बकाया अदा न करने पर सीलबंदी की कार्यवाही की गई। जोन 8 द्वारा वार्ड 1 एवं 21 में बकायेदार विक्रांत बैटरी मालिक तेजेन्दर सिंह वर्ष 2018-19 से बकायेदार राजेन्द्र सिंह होटल, वर्ष 2020-21 से बकायेदार महिमा देवी मोटर गैराज कुल बकाया राशि 767979 रू. की वसूली हेतु 3 भिन्न स्थानों पर कार्यवाही की गई। इसमें 2 बकायेदारो ने 3 वर्षो का बकाया स्थल पर ही कुल बकाया 256483 रू. का निगम की टीम को भुगतान कर दिया। नगर निगम जोन 9 राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 8 में वर्ष 2015-16 से 900000 रू. के बकायेदार अशोक साहू द्वारा बकाया राशि अदा न करने पर स्थल पर संबंधित बकायेदार की 4 दुकानो को सीलबंद करने की कार्यवाही की गई।

आज नगर निगम द्वारा 2159609 रू. के बकाया डिमांड बिल नोटिस के विरूद्ध अभियान चलाकर 9 बडे बकायेदारो के संबंधित संस्थाओ में सीलबंदी की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान नगर निगम राजस्व विभाग की टीम को 429723 रू. का तत्काल भुगतान कर दिया गया। अभियान आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते

## केन्द्र सरकार, राज्य शासन की योजना से 245 लोग लाभान्वित

**रायपुर।**

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज से राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का दूसरा चरण प्रारम्भ हो गया. आज केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर निगम जोन क्रमांक 3 के काली माता वार्ड क्रमांक 11 के तहत अन्नपूर्णा भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का पहला शिविर दिन की पहली पाली में लगाया गया. शिविर की व्यवस्था का अवलोकन नगर निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद साहू, पार्षद श्री अमितेश भारद्वाज सहित अपर आयुक्त श्री शैलेन्द्र पाटले ने जोन 3 जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा, कार्यपालन अभियन्ता श्री सुशील मोडेस्टस, श्री राकेश अवधिया एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया. शिविर में राज्य शासन की महतारी वंदन योजना का स्टाल



लगाया गया, जिसमें पात्र 61 महिलाओं का पंजीयन किया गया. महतारी वन्दन योजना के सम्बन्ध में जानकारी 112 महिलाओं ने प्राप्त की. स्वास्थ्य शिविर के स्टाल पर 445 नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की,171 नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया. विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में 758 नागरिकों ने केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की.इसमें विभिन्न योजनाओं में पात्रता अनुसार 245 नागरिक पंजीकृत किये गये. काली माता वार्ड क्रमांक 11 के शिविर में केन्द्र सरकार की लोकहितकारी पीएम स्वनिधि योजना से 5, पीएम विश्वकर्मा योजना से 3, पीएम आवास योजना से 5 नागरिक पात्रता अनुसार लाभान्वित हुए. 120 नागरिकों ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें...



### सफाई व्यवस्था को जारी रखने की स्वीकृति

**भिलाई।** भिलाई निगम के महापौर परिषद ने निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को शतत जारी रखने सफाई कामगारों को श्रम कानून के तहत भुगतान करने तीन माह की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान किया है तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त कार्यकर्ताओं एवं सहायिका के पद प्रतिपूर्ति हेतु विचार विमर्श किया गया। महापौर परिषद की बैठक शुक्रवार को महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में आहुत किया गया। बैठक में सदस्यों के समक्ष कुल 7 प्रस्ताव विचारार्थ रखे गये। जिसमें निगम के सफाई व्यवस्था की निविदा अवधि फरवरी माह में समाप्त होने के कारण नवीन निविदा प्रक्रियाधीन होने इस बीच आगामी लोक सभा चुनाव की संभावना के मद्देनजर 1 मार्च से 31 मई तक अर्थात तीन माह तक शहर की सफाई व्यवस्था को निरंतरता बनाए रखने वर्तमान ठेका प्रदाय एजेंसी मेसर्स अर्बन इनव्यारो वेस्ट मैनेजटमेंट लिमिटेड नागपुर से प्रचलित निविदा अनुबंध शर्त के अनुसार तथा सहायक श्रमायुक्त की प्रभावशील दर को शामिल कर आगामी निविदा की कार्यवाही पूर्व होने तक सभी जोन में किए जा रहे सफाई व्यवस्था को 31 मई तक के लिए अतिरिक्त राशि की स्वीकृति महापौर परिषद ने इस शर्त पर प्रदान की है कि उक्त अवधि में आगामी निविदा की कार्यवाही पूर्ण होने की स्थिति कार्यादेश समाप्त कर नई निविदा अनुसार कार्यवाही किये जाने साथ ही निविदा पद्धति मे आवश्यक सुधार के लिए नवीन नियम शर्तो के साथ 15 दिन मे प्रस्तुत करने के निर्देश महापौर परिषद ने दिया है । सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत निगम क्षेत्र में आंगनबाड़ी के रिक्त दो कार्यकर्ता एवं सात सहायिका के पदों की पूर्ति हेतु विचार पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रकरण को नियमानुसार विभागीय सलाहकार समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत कर अनुशंसा पश्चात आगामी बैठक में रखा जावे बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, सीजू एंथोनी, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, मालती ठाकुर, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त एवं विभागीय सचिव व अधिकारी उपस्थित रहे।

### महतारी वंदन योजनाः पात्र महिलाओं को 1 मार्च से मिलेगा लाभ

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी पूरी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। योजना में पात्र महिलाओं को 01 मार्च 2024 से लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इस योजना के तहत 01 जनवरी 2024 को 21 वर्ष पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं से 05 से 20 फरवरी से आन लाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय की लॉगिन आई.डी से किए जा सकते हैं। नगरीय क्षेत्र के आवेदक वार्ड प्रभारी के लॉगिन आई.डी से आवेदन कर सकेंगे। महतारी वंदन योजना के लिए निर्धारित पात्रता शर्तो में महिला को छत्तीसगढ़ का निवासी होना जरूरी है। इसके अलावा जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है उस वर्ष विवाहित महिला की आयु 01 जनवरी 2024 से 21 वर्ष से कम नही होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत विधवा, तलाकसुदा, परित्यक्त महिला भी पात्र होंगी। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला को 1000 रूपए की प्रतिमाह के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि डी.बी.टी के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरण किया जाएगा। विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत लाभान्वित होने वाली ऐसी महिलाएं जिन्हे प्रतिमाह 1000 रूपए से कम राशि मिल रही है, उन्हें योजना के लिए पात्र होने पर अतिरिक्त राशि स्वीकृत की जाएगी, जिससे उन्हें अधिकतम 1000 रूपए मासिक राशि प्राप्त हो सकेगी। आनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल एवं एप्प- महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन निःशुल्क होगा। इस योजना के लिए ऑनलाइन भरने के लिए पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसके अलावा योजना के लिए बनाए गए मोबाईल एप्प पर भी आवेदन जमा किया जा सकता है। योजना के लिए आवेदन 05 फरवरी से लिए जाएंगे। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 होगी। आवेदन करते समय हितग्राहियों को स्वयं का सत्यापित किया हुआ पासपोर्ट साइज की फोटो, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, मतदाता परिचय पत्र में से कोई भी एक, स्वयं एवं पति का आधार कार्ड, स्वयं एवं पति का पैन कार्ड (यदि हो तो), विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी प्रमाण पत्र, विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी वार्ड अथवा ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र हेतु 10 अथवा 12 की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक, बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा अथवा शपथ पत्र जमा कराना होगा।

### विदेशी व्यापार से जुड़ी सारी जानकारी मिलेगी अब एक ही जगह

**कोरिया।** जिले में व्यापार के वार्षिक विश्लेषण के लिए राष्ट्रीय आयात-निर्यात रिकॉर्ड के प्रोत्साहन हेतु विगत दिवस जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लगेंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में कलेक्टर ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए निर्यात पोर्टल के उपयोग पर सभी का ध्यान केंद्रित किया। विदेश व्यापार उप महानिदेशालय (आयात और निर्यात) नागपुर की टीम ने मंडी व्यापारी, एफ पी. ओ. और विभिन्न व्यापारियों को निर्यात पोर्टल की जानकारी दी और व्यापारियों ने भी इससे जुड़े अपने अनुभव साझा किए। डीजीएफटी नागपुर की टीम द्वारा फइनेंस, प्रोसीजर ऑफकस्टम, आईईसी का पंजीकरण की जानकारी साझा की तथा विदेश व्यापार उप महानिदेशालय (आयात और निर्यात) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानती दी। कार्यक्रम के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र, भारतीय डाक विभाग, जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी उपस्थित थे। इस पोर्टल को विदेशी व्यापार से जुड़ी सारी जानकारी को एक जगह पर मुहैया कराने के लिए बनाया गया है, जून 2022 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा निर्यात पोर्टल का उद्घाटन किया गया।

जिस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा की यह नया वाणिज्य भवन और निर्यात पोर्टल आत्मनिर्भर भारत की हमारी आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा था कि यह व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में, खासकर एमएसएमई के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आयेगा।

# महतारी वंदन योजना में पात्र महिलाओं को लाभान्वित करें : प्रभारी कलेक्टर

## प्रभारी कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए ली बैठक




**कवर्धा**

**प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने रविवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन, कार्ययोजना तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फार्म भरने के संबंध में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ और परियोजना अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए।**

जिला पंचायत सीईओ अग्रवाल ने कहा कि महतारी वंदन योजना के लिए 5 फरवरी से ऑनलाईन व ऑफ लाईन मोड में आवेदन भरा जाएगा। आवेदन निः शुल्क भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की प्रथमिकता में शामिल है। सभी पात्र महिलाओं को इसका लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रोजगार सहायक तथा सचिव को पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकित कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके क्रियान्वयन के लिए विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए हितग्राहियों की सुविधा का ध्यान रखने की जरूरत है। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अग्रवाल ने ग्राम स्तर पर पंचायत और नगरीय निकाय में आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन भरने के लिए पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ग्राम और वार्ड वार लक्ष्य लेते हुए कार्य को पूरा करे। इसके लिए निचले स्तर पर बैठक लेकर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए जिन दस्तावेजों की आवश्यकता है उनकी सूची आगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत में चस्पा करें। उन्होंने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन पहले 15 दिनों में इस कार्य में गति लाना है। उन्होंने तीव्र गति से फार्म भराने के निर्देश दिए। इस योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्प लाईन नंबर 7646965061 और 7869870005 में संपर्क कर सकते है।

बैठक में पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, बोड़ला एसडीएम अनुपम टोप्पो, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आनंद तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी एम.के.गुप्ता सहित सीईओ, सीएमओ और परियोजना अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, एक ही परिवार के दो लोगों की मौत



**कबीरधाम**

जिले के कवर्धा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नेवारी के पास शनिवार शाम करीब सात बजे सड़क हादसे में दो लोगों की मौत और एक गंभीर रूप से घायल है। ये तीनों एक ही परिवार के है। सिटी कोतवाली कवर्धा से मिली जानकारी अनुसार मृतक का नाम नारायण यादव उम्र 28, मनहरण यादव उम्र 35 व घायल का नाम सुखनंदन यादव उम्र 18 है। ये तीनों शुक्रवार शाम के समय कवर्धा से ग्राम नेवारी होते हुए अपने बाइक से घर ग्राम दुल्लापुर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर जा रही गन्ने से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराए। इस हादसे में मौके पर ही नारायण यादव उम्र 28, मनहरण यादव उम्र 35 की मौत हो गई। वहीं घायल सुखनंदन यादव उम्र 18 की जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# महतारी वंदन योजना के लिए ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों में मिलेंगे फॉर्म

## कलेक्टर ने अफसरों की बैठक लेकर तैयारी के दिए निर्देश



**बिलासपुर**

महतारी वंदन योजना के तहत 5 फरवरी से फॉर्म भरने का काम शुरू हो जायेगा। शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर आवेदन फॉर्म उपलब्ध होगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने वीसी के जरिए संबंधित अफसरों की बैठक लेकर योजना के सफल क्रियान्वन को लेकर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्र में निगम आयुक्त अमित कुमार और ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल को नोडल अधिकारी बनाया है।

उन्होंने साफ कहा है कि केवल सरकारी एजेंसी द्वारा निर्धारित फॉर्म उपलब्ध कराई जायेगी। भरने के बाद वहीं जमा भी किए जाएंगे। किसी निजी अथवा अन्य एजेंसी का इस योजना में कोई रोल नहीं है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता पूर्ण तरीके से और निःशुल्क रूप से होगी। किसी भी स्तर पर शुल्क अथवा लेन देन करने वालों के विरुद्ध सख्ती से निपटा जाएगा। मोदी की गारंटी वाली महतारी वंदन योजना 1 मार्च से शुरू होगी। चयनित महिला को हर महीने 1 हजार के हिसाब से साल में 12 हजार रुपए की राशि डीबीटी के जरिए उनके खाते में अंतरित की जायेगी। महिलाओं को सशक्त करने के साथ उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बढ़ावा देना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। कलेक्टर ने कहा कि आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों के लिए तहसील अथवा जिला कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। सभी प्रमाण पत्र ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत द्वारा और शहरी क्षेत्रों में वार्ड पार्षद/सीएमओ द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे। उन्होंने जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ को इस संबंध में साफसमझाइश दे दी है। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि योजना के प्रथम चरण में 5 फरवरी से 20 फरवरी तक आवेदन लिए जा रहे हैं। इसके आगे भी योजना चालू रहेगी और आवेदन की प्रक्रिया जारी रहेगी।

# खुले में कोयला परिवहन करते एसईसीएल के 27 ट्रक पकड़ाए



**बिलासपुर सवाददाता**

खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर गठित जिला स्तरीय टीम ने अवकाश के दिन भी कार्रवाई की। टीम ने रायपुर रोड पर भोजपुरी टॉल नाका और रतनपुर मार्ग पर शनिवार रात वाहनों की जांच की। आधी रात तक टीम ने लगभग 85 वाहनों को रोककर पड़ताल की। इनमें 29 ट्रक बिना ढके खुले में कोयला और क्लिंकर परिवहन करते पाए गए। इसमें 27 वाहन एसईसीएल कोरबा एवं एक- एक वाहन ग्लोबल मिनरल्स अमसेना व श्री सीमेंट खपराडीह सिमगा के हैं। जो की प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम की प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। इन पकड़े गए वाहनों को हिर्री और चकरभांठा थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ी की गई है। आगे कार्रवाई जारी है। कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त जांच टीम की कारवाई सतत जारी रहेगी। टीम में पर्यावरण मण्डल, खनिकर्म, आरटीओ, पुलिस, निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल हैं।

# रेल्वे कोच फैक्ट्री कपूरथला ने सेंटर रेल्वे मुम्बई को 6-2 गोल से हराया

**राजनांदगांव**

आज के सबसे संघर्षपूर्ण व रोमांचक मुकाबले में स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित पेट्रोलियम स्पोर्ट्र्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली ने एनसीओई लखनऊ को एक के मुकाबले दो गोल से एवं पूल बी में ईस्टर्न रेल्वे कोलकता ने दिलचस्प मुकाबले में नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर को 2-1 गोल से एक अन्य खेले गये मैच में रेल्वे कोच फैक्टरी कपूरथला ने सेन्टर रेल्वे मुम्बई को 2 गोल के मुकाबले 6 गोल से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के लीग राउंड में दो-दो अंक प्राप्त किये। दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही, 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के छठवें दिन लीग राउंड के पहले मैच में ईस्टर्न रेल्वे कोलकता ने नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर को 1 गोल के मुकाबले 2 गोल से संघर्षपूर्ण मैच में पराजित करते हुए दो अंक प्राप्त किए। नवल टाटा अपने दोनों मैच हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। मैच में दोनों ही टीमें प्रारम्भ से ही गोल करने के अवसर खोज रही थी। मगर पहला अवसर पहले क्वार्टर के 15वें मिनट में नवल टाटा को मिला। जहां उसके मनोहर मुंडू ने मैदानी गोल कर 1-0 गोल की बढ़त बना ली, लेकिन दूसरा क्वार्टर ईस्टर्न रेल्वे कोलकता के नाम रहा, जहां उसके समरथ प्रजापति ने 22वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया और 26वें मिनट में अभिषेक प्रताप सिंह ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर कोलकता को 2-1 गोल की बढ़त दिला दी, यह बढ़त मैच समाप्ति तक बनी रही। तीसरे व चौथे क्वार्टर में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं। दूसरे खेले गये एकतरफा मैच में रेल्वे कोच फैक्टरी कपूरथला ने सेन्टर रेल्वे मुम्बई को 2 गोल के मुकाबले 6 गोल से हराकर दो अंक प्राप्त किया। मैच के चौथे मिनट में मुम्बई ने पेनाल्टी स्टोक प्राप्त किया, जिसे विशाल पिल्ले ने गोल में तब्दील कर अपनी टीम को 1-0 गोल से आगे कर दिया था, लेकिन इसके बाद मैच के 12वें मिनट में कपूरथला के सिमरन जोत सिंह ने गोल कर अपनी टीम को 1-1 गोल की बराबरी पर ला खड़ा किया, लेकिन मैच का दूसरा, तीसरा व चौथे क्वार्टर में कपुरथला के खिलाड़ियों ने आक्रमक हॉकी खेली और मैच के 19वें व 28वें मिनट में करन पाल सिंह ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलकर 3-1 गोल से अपनी टीम को आगे कर दीया था। कपूरथला की ओर से चौथा गोल 41वें मिनट में गौरवजीत सिंह ने पेनाल्टी कार्नर से 5वां गोल 53वें मिनट में रजिन कंडूलना ने 55वें मिनट में प्रदीप सिंह ने गोल कर स्थिति 6-2 पर ला कर निर्णायक बढ़त दिला दी। मुम्बई की ओर से दूसरा गोल 51वें मिनट में रूबेन केदारी ने किया था। स्टार खिलाड़ियों से भरी पूरी पेट्रोलियम स्पोर्ट्र्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली ने काफी तेज गति से खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में एनसीओई लखनऊ को एक के मुकाबले दो गोल से हराकर पूल ए में दो अंक प्राप्त किया। मैच में आज लखनऊ के युवा खिलाड़ियों ने दमदार पेट्रोलियम नई दिल्ली को मैच प्रारम्भ से कड़ी टक्कर दी, हालाकि मैच के पहले क्वार्टर के 15वें मिनट में पेट्रोलियम नई दिल्ली को पेनाल्टी कॉनर मिला।




# विधायक रिकेश सेन ने किया इंडियन काफी हाउस का शुभारंभ

**भिलाई**

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शनिवार को दोपहर जुनवानी रोड में इंडियन काफी हाउस का फीटा काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया और इस नये काफी हाउस का नीचे, उपर व किचन सहित सभी चीजों का अवलोकन किया और अच्छे प्रबंधन के लिए यहां के मैनेजर व सभी स्टाफ की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस काफी हाउस के शुभारंभ करने के बाद विधायक रिकेश सेन ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में सुपेला के बाद जुनवानी रोड में नया काफी हाउस आज खुला है ये मेरे लिए गर्व की बात है कि मेरे विधानसभा की जनता के लिए एक बडी सौगात है। इस क्षेत्र में काफी हाउस की कमी महसूस की जा रही थी जो आज पूरी हो गई। जुनवानी रोड फुड जंक्षन बन गया है और स्वादिष्ट व्यंजनों के शौकीन लोगों के लिए ये पसंदीदा जगह बन गया है। इस काफी हाउस का लाभ यहां की जनता लेगी क्योंकि इंडियन काफी हाउस पूरे देश भर में लाजवाब और स्वादिष्ट चाय,काफी,नाश्ता, एवं खाना के लिए मशहूर है और काफी हाउस का नाम लोगों की जुबान पर रहता है। एमएलए रिकेश सेन ने अपना सुझाव देते हुए कहा कि यहां एक अलग से व्हीआईपी मीटिंग के लिए एक करीब 20 लोगों को एक साथ बैठकर अलग से मिटिंग लेने के लिए लॉन्ज बनाया जाना चाहिए इससे मैं जहां प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेने दुर्ग सर्किट हाउस जाता था तो उसके बदले यही काफी हाउस में ही मैं अपनी सभी बैठके ले लिया करूंगा इसके अलावा अन्य कई समितियों व संस्थाओं व अन्य गणमान्य लोगों के लिए भी यहां बैठक लेने के लिए यह लॉन्ज काम आ सकेगा। इस दौरान आईसीडब्ल्यूयूसीएस लिमिटेड जबलपुर के अध्यक्ष ओ के राजागोपालन एवं इसके सचिव एम प्रकाशन ने बताया कि इंडियन काफी हाउस का भिलाई दुर्ग में ये सातवी शाखा है। इससे पहले हमारी आईसीडब्ल्यूयूसीएस द्वारा सुपेला भिलाई, रेलवे स्टेशन के पास दुर्ग, सेक्टर 9, सेक्टर 10, इस्पात भवन, भिलाई निवास के बाद हमारी सातवी शाखा का आज वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के एमएलए रिकेश सेन ने शुभारंभ किया। आईसीडब्ल्यूयूसीएस के अध्यक्ष श्री राजागोपालन ने आगे कहा कि आम जनों के जिस सेवा भाव को लेकर पिछले 66 साल पहले सन 1958 में इंडियन काफी हाउस का संचालन प्रारंभ किया गया था आज वह लोगों के जनभावनाओं और उपभोकताओं के विश्वास पर बिल्कुल खरे उतर रही है। लोगों के डिमांड के अनुसार देश के लगभग अधिकांश जिलों में इंडियन काफी हाउस का संचालन किया जा रहा हैं। इंडियन काफी हाउस की काफी, इटली, दोसा,सांभर बडा, सहित साउथ इंडियन, नार्थ इंडियन, चायनिज व्यंजन कॉनिटनेंटल फूड पूरे गुणवत्ता के साथ ये स्वादिष्ट वेज, नानवेज व्यंजन यहां मिलता है।

जिसके कारण अन्य होटलो से अधिक लोग इंडियन काफी हाउस में चाय, नाश्ता और खाना खाने के लिए यहां आते है। आईसीडब्ल्यूयूसीएस द्वारा संचालित इंडियन काफी हाउस के कारण हजारों लोगों को शासन द्वारा निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार अच्छे तनख्वाह प्रदान कर रोजगार देने का कार्य कर रही है। यहां के अन्य काफी हाउस के साथ ही इस नये इंडियन काफी हाउस में भी वाहन पार्किंग की विशेष सुविधा उपलब्ध है, वहीं किटी पार्टी, जन्मदिन पार्टी एवं आउटडोर केटरिंग सेवा भी उपलब्ध कराई जा रही है। यहां शिफ्ट के अनुसार जहां तीन मैनेजर नियुक्त किये गये है वहीं लगभग 25 लोगों का स्टाफ की नियुक्ति यहां आने वाले ग्राहकों की सेवा के लिए किया गया है। इस दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक जेकब कूरियन, भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस के अध्यक्ष एच एस मिश्रा, कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अतुलचंद साहू, कांग्रेसी नेता गिरीराव, सुनिल चैधरी, प्रवीण गोस्वामी, सरीफखान,छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्म अभिनेता एवं साहित्यकार शमशीर सिवानी, लोसपा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पंडा, बीएसपी ऑफिसर एसोसएिशन के महा सचिव परविंदर सिंह, उद्योगपति जवाहर गंधोक, भिलाई बीएसपी के कई अधिकारी, भिलाई निवास के प्रबंधक श्री निगम, अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण विश्वा, जिला भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, भिलाई नगर निगम के अधिकारी संजय शर्मा केरल समाज के गणमान्य नागरिक एवं सुपेला सहित भिलाई दुर्ग में स्थित सभी इंडियन काफी हाउस के मैनेजर्स सहित पूरा स्टाफ बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।



संपादकीय

## मोदी का लक्ष्य 400 पार से विपक्ष भयभीत क्यों

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में विरोधी दलों को करारा जवाब दिया। अपने 10 साल के काम गिनाए और फिर ऐलान किया कि तीसरी बार भी उन्हीं की सरकार बनेगी। मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा यक़ीन है कि देश की जनता **NDA** को 400 से ज्यादा और बीजेपी को कम से कम 370 सीटें देगी। मोदी ने कहा कि विपक्ष की जो हालत है, वो जिस रास्ते पर चल रहे हैं, उससे लगता है कि अगले चुनाव केबाद वो दर्शक दीर्घा में पहुंच जाएंगे। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा चल रही थी। मोदी ने हर प्रश्न का उत्तर दिया। बहस के दौरान विरोधी दलों के सासंदों ने **ED, CBI** के एक्शन पर सवाल उठाए, विरोधियों को निशाना बनाने का इल्जाम लगाया, मंहगाई का मुद्दा उठाया, भ्रष्टाचार की बात की, राम मंदिर का मुद्दा उठाया, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का इल्जाम लगाया, देश के संघीय ढांचे को तोड़ने का आरोप लगाया, मोदी को तानाशाह बताया। प्रधानमंत्री ने सबका जवाब दिया और सटीक जवाब दिया। साफ साफ कहा कि न भ्रष्ट का एक्शन रुकेगा, न भ्रष्टाचारियों के खिलाफजंग थमेगी। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने देश को लूटा है, उन्हें देश का माल लौटाना ही पड़ेगा। मोदी परिवारवाद पर फिर से बोले। मोदी ने साफ-साफबताया कि परिवारवाद क्या है, वो किस तरह के परिवारवाद पर हमला करते हैं। जो लोग बीजेपी के नेताओं के बेटों या परिवार वालों का नाम लेकर बीजेपी पर परिवारवाद का आरोप लगाते थे, मोदी ने उन्हें पहली बार जवाब दिया। कहा, कि राजनाथ सिंह या अमित शाह परिवारवादी राजनीति का प्रतीक नहीं हैं, वो कोई पार्टी नहीं चलाते। प्रधानमंत्री ने कहा कि भव्य राम मंदिर भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। वो अपने तीसरे टर्म में अगले एक हजार साल के लिए सांस्कृतिक और समृद्ध भारत की नींव रखेंगे।



## अंतरिम बजट में तो बहुत कुछ!

पिछले कुछ वर्षों में प्रतिकूल स्थितियों, जिसमें रुस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-यूरोप में मंदी की आहट इत्यादि शामिल है– उस बीच इस उपलब्धि का श्रेय मोदी सरकार की जिन नीतियों को जाता है, उसमें 2017 से देश में लागू वस्तु एवं सेवा कर' (जीएसटी) प्रमुख उपक्रमों में से एक है। अपनी उत्पत्ति के समय जीएसटी पंजीकरण की संख्या 65 लाख थी, वह छह वर्ष में बढ़कर लगभग डेढ़ करोड़ हो गई है।एक फरवरी को मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट प्रस्तुत किया। चूंकि यह अंतरिम बजट था और इसे आम चुनाव से छह सप्ताह पहले संसद में लोकसभा के पटल पर रखा गया था, इसलिए राजनीतिक सूझबूझ रखने वालों को अपेक्षा थी कि यह पूर्ववर्ती सरकारों की भांति लोकलुभावन वादों से भरा होगा। परंतु ऐसा हुआ नहीं। वास्तव में, बजट केवल आर्थिकी के स्वास्थ्य को ही नहीं, साथ ही राष्ट्रीय अर्थ-नीति, लक्ष्य, दिशा और मानव-विकास को भी चरितार्थ करता है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट इसी दृष्टिकोण के अनुरूप था।मई 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ भारतीय आर्थिकी को स्थायित्व देने हेतु दीर्घकालीन नीतियों को धरातल में क्रियान्वित कर रहे हैं। यही कारण है कि देश का जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) स्वतंत्रता से 67 वर्षों (1947-2014) में दो ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर था, वह बीते 10 वर्षों में दोगुना बढ़कर लगभग चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच चुका है। इसका परिणाम यह हुआ कि वित्तवर्ष 2014-15 में केंद्रीय बजट का आकार, जो 18 लाख करोड़ रुपये था, वह ढाई गुना बढ़कर वित्तवर्ष 2023-24 में बढ़कर 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो गया। यही नहीं, वित्तवर्ष 2013-14 में सकल प्रत्यक्ष कर के अंतर्गत, लगभग सात लाख करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र हुआ था, वह वित्तवर्ष 2023-24 में 10 जनवरी 2024 में (दिसंबर माह तक) 17 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। उल्लेखनीय बात यह है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के भीषणकाल (2020-21) में भारत का सकल प्रत्यक्ष कर राजस्व, वित्तवर्ष 2013-14 की तुलना में अधिक– अर्थात, 9.45 लाख करोड़ रुपये था।पिछले कुछ वर्षों में प्रतिकूल स्थितियों, जिसमें रुस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-यूरोप में मंदी की आहट इत्यादि शामिल है– उस बीच इस उपलब्धि का श्रेय मोदी सरकार की जिन नीतियों को जाता है, उसमें 2017 से देश में लागू वस्तु एवं सेवा कर' (जीएसटी) प्रमुख उपक्रमों में से एक है। अपनी उत्पत्ति के समय जीएसटी पंजीकरण की संख्या 65 लाख थी, वह छह वर्ष में बढ़कर लगभग डेढ़ करोड़ हो गई है। बात यदि जीएसटी संग्रह की करें, तो यह प्रत्येक माह नए-नए उपलब्धि प्राप्त कर रहा है। वर्तमान वित्तवर्ष (जनवरी 2024 तक) में आठ बार प्रति माह 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व, जीएसटी के रूप में प्राप्त हुआ है। वर्तमान वित्तवर्ष के दस माह में जीएसटी संग्रह 16.69 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जो पिछले वित्तवर्ष 2022-23 की तुलना में 11.6 प्रतिशत अधिक है।चूंकि सुदृढ़ वित्तीय योजनाओं, कड़वी दवा रूपी आर्थिक सुधारों और भ्रष्टाचार मुक्त सतत राजकीय क्रियान्वन से राजकीय खजाना बढ़ रहा है, तब उसका एक बड़ा हिस्सा आधारभूत ढांचे के अति-वांछनीय विकास में व्यय किया जा रहा है।

# यूसीसी पर उत्तराखण्ड की बड़ी एवं सार्थक पहल



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी है, इसी चार दिनों के विशेष सत्र में इसे आसानी से पारित भी कर दिया जायेगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। इससे पहले गोवा में यह लागू है। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफसे भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए।

समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी।

भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे - हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, उत्तराखण्ड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी।

आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्र, अमेरिका, आयरलैंड, आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एकसमान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है।

देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाए तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आए, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गए। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। मुस्लिम पर्सनल लॉ में अनेक विसंगतियां हैं, जैसे शादीशुदा मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को महज तीन बार तलाक कहकर तलाक दे सकता था। इसके दुरुपयोग के चलते सरकार ने इसके खिलाफ कानून बनाकर जुलाई 2019 में इसे खत्म कर दिया है। तीन तलाक बिल पास होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सदियों से तीन तलाक की कुप्रथा से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला है।

वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि पर्सनल लॉ में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए। तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद में बिल पास कराया था। इस कानून के समर्थकों का मानना है कि अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा फिर चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो। देश में हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होने से देश की राजनीति पर भी असर पड़ेगा और राजनीतिक दल वोट बैंक वाली राजनीति नहीं कर सकेंगे और वोटों का ध्रूवीकरण नहीं होगा। समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में भी सुधार आएगा। कुछ धर्मों के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित हैं। इतना ही नहीं, महिलाओं का अपने पिता की संपत्ति पर अधिकार और गोद लेने जैसे मामलों में भी एक समान नियम लागू होंगे। अगर हम यह चिंतन भारतीय भाव से करेंगे तो स्वाभाविक रूप से यही दिखाई देगा कि समान नागरिक कानून देश और समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

**यह निजी विचार है।**

# पके भोजन की बर्बादी रोकने वैश्विक अभियान को मूर्त रूप देने की दरकार।

**(भारत में भुखमरी का बड़ा प्रतिशत)**



संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2023 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता हैद्य संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2023 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है द्य संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक प्रभावित गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैंद्य संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ हैद्य जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55त्न, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24त्न तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24त्न भोजन बर्बाद हुआ हैद्य पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैंद्य बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता हैद्य भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता हैद्य भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही हैद्य पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बर्बादी करते आ रहे हैंद्य एक तरफसंयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बर्बादी की वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है। भोजन की बर्बादी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है, विवाह समारोह अन्य उत्सव बफे सिस्टम एवं अन्य सामाजिक समारोह में अपनी थाली में ज्यादा से ज्यादा भोजन लेकर उसे बर्बाद कर देने की प्रवृत्ति अब आम हो गई है और थाली में पड़ा हुआ अनाज या तो सड़ जाता है अथवा बाहर फेंक दिया जाता है। भोजन की इस तरह बर्बादी एक तरह से कुसंस्कृति को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बुराई के रूप में सामने आ रही है। अनाज को थाली या कूड़ेदान में फेंक देने से उससे केवल अनाज की बर्बादी नहीं होती बल्कि ऊर्जा, जल ,पोषक तत्वों की बर्बादी होती है। अलावा इसको पैदा करने वाले किसानों को भी एक तरह निराशा का सामना करना पड़ता है अनाज उत्पादन के लिए जितनी मेहनत मशक्कत किसान करता है उसके अलावा खेती की जमीन बढ़ाने के लिए वनों का विनाश भी बड़ी तेजी से हो रहा है एवं उस जमीन की उर्वरा शक्ति का भी निरंतर क्षरण हो रहा है ।लगातार रसायनिक खादों रासायनिक तत्वों के उपयोग के कारण मिट्टी की गुणवत्ता तो खराब हो ही रही है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वातावरण भी खराब होता जा रहा है एवं खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट छोड़ने से जानवरों की खाने से जानवरों को भी जीवन का खतरा बनते जा रहा है। इससे अन्य संक्रामक बीमारियां भी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है।

अनाज को अपशिष्ट के रूप में बर्बाद करने से न सिर्फअनाज बर्बाद होता है बल्कि किसान की मेहनत जमीन का क्षरण उसमें लगने वाली सिंचाई के लिए पानी की बर्बादी एवं समय का दुरुपयोग भी माना जाता है। हमारे द्वारा जो भोजन का अपशिष्ट पदार्थ कूड़ेदान में छोड़ दिया जाता है उसकी वजह से वैश्विक अनुसंधान से यह बताया गया है की ग्रीन हाउस गैस ने 10 से 15त्न तक का इजाफा होता है खराब पदार्थों से गैस उत्सर्जन के कारण वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग का भी खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पदार्थ को छोड़ने से वातावरण दूषित होता है एवं संक्रामक बीमारियां न सिर्फ जानवरों में बल्कि इंसानों में भी तेजी से फैलने लगती है एवं इंसान की मौत तक होने लगी है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि भोजन के अपशिष्ट पदार्थ इसी तरह थोड़े जाएंगे तो कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बढ़ सकता है एवं मनुष्य घुट घुट कर जीने के लिए मजबूर हो सकता है। भारत विशेष के संदर्भ में यह केवल देश के नागरिकों को ही सलाह दी जा सकती है कि वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा गरीबी वाले देश में अनाज एवं भोजन की बर्बादी से बचें जिससे अनाज का सदुपयोग भूखे तथा जरूरतमंदों को मुहैया कराया जा सके एवं अपशिष्ट पदार्थों छोड़ने से ग्लोबल वार्मिंग तथा हानिकारक संक्रमण से बचा जा सकेगा।

**संजीव ठाकुर ,संकलनकर्ता, स्तंभकार, चिंतक,**
**यह निजी विचार है।**

## इंडिया एलायन्स में सब गडबड!

**विनीत नारायण**

इंडिया' एलायंस के घटक दलों ने इतना भी अनुशासन नहीं रखा कि वे दूसरे दलों पर नकारात्मक बयानबाजी न करें। जिसका ग़लत संदेश गया। हिसाब से इस एलायंस के बनते ही सीटों के बंटवारे का काम हो जाना चाहिए था जिससे उम्मीदवारों को अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने के लिए काफी समय मिल जाता। पर शायद इन दलों के नेता ईडी, सीबीआई और आयकर की धमकियों से डरकर पूरी हिम्मत से एकजुट नहीं हो रहे है, नहीं हो पा रहे है।देश के मौजूदा राजनैतिक माहौल में लोगों के दो ख़ेमे हैं। एक तरफ वे करोड़ों लोग हैं जो दिलो जान से नरेंद्र मोदी को चाहते हैं और ये मानकर बैठे हैं कि अब की बार चार सौ पार।' इनके इस विश्वास का आधार है मोदी की आक्रामक कार्यशैली, श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा, उनका बेहिचक हिंदुत्व का समर्थन करना तथा काशी, उज्जैन, केदारनाथ, अयोध्या, मिर्जापुर और अब मथुरा आदि तीर्थ स्थलों पर भव्य कॉरिडोरों का निर्माण। इनकेअलावा अप्रवासी भारतीयों का भारतीय दूतावासों में मिल रहा स्वागतपूर्ण रवैया, निर्धन वर्ग के करोड़ों लोगों को उनके बैंक खातों में सीधा पैसा ट्रान्सफर और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का बाँटना व भविष्य में आर्थिक विकास के बड़े-बड़े दावे।जबकि दूसरे ख़ेमे के नेताओं और उनके करोड़ों चाहने वालों का मानना है कि देश के युवाओं में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि दो करोड़ रोजगार हर वर्ष देने का वायदा करके भाजपा की मोदी सरकार देश के नौजवानों को सेना, पुलिस, रेल, शिक्षा व अन्य सरकारी विभागों में नौकरी देने में नाकाम रही है। आज भारत में बेरोजग़ारी की दर पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा है। जबकि मोदी जी के वायदे के अनुसार इन दस वर्षों में 20 करोड़ लोगों को नौकरी मिल जाती तो किसी को भी मुफ्त राशन बाँटने की नौबत ही नहीं आती। क्योंकि रोजगार पाने वाला हर एक युवा अपने परिवार के पांच सदस्यों के पालन पोषण की जिम्मेदारी उठा लेता। यानी देश के 100 करोड़ लोग गरीबी की सीमा रेखा से ऊपर उठ जाते। इसलिए इस खेमे के लोगों का मानना है कि इन करोड़ों युवाओं का आक्रोश भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सरकार नहीं बनाने देगा।विपक्ष के इस खेमे के अन्य आरोप हैं कि भाजपा सरकार महंगाई को काबू नही कर पाई। उसका शिक्षा और स्वास्थ्य बजट लगातार गिरता रहा है। जिसके चलते आज गरीब आदमी के लिए मुफ्त या सस्ता इलाज और सस्ती शिक्षा प्राप्त करना असंभव हो गया है।इसी खेमे का यह भी दावा है कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में विदेशी कर्ज की मात्रा 2014 के बाद कई गुना बढ़ा दी है। इसलिए बजट में से भारी रकम केवल ब्याज देने में खर्च हो जाती है और विकास योजनाओं के लिए मुठ्ठी भर धन ही बचता है। इसका खामियाजा देश की जनता को रोज बढती महंगाई और भारी टैक्स देकर झेलना पड़ता है। इसलिए सेवा निवृत्त लोग, मध्यम वर्ग और व्यापारी बहुत परेशान है।इसके अलावा विपक्षी दलों के नेता मोदी सरकार पर केन्द्रीय जाँच एजेंसियों व चुनाव आयोग के लगातार दुरूपयोग का आरोप भी लगा रहे हैं।

**यह निजी विचार है।**

## खास खबर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा दूसरा चरण: केन्द्र व राज्य शासन की योजना से 420 लोग हुए लाभान्वित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज से राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का दूसरा चरण प्रारम्भ हो गया। आज केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर निगम जोन क्रमांक 3 के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 के तहत आदर्ष विद्यालय आदर्ष नगर मोवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का दूसरा शिविर दिन की दूसरी पाली में लगाया गया। शिविर की व्यवस्था का अवलोकन वार्ड पार्षद मती विष्वदिनी पाण्डेय ने जोन 3 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियन्ता सुशील मोडेस्टस, राकेश अवधिया एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। शिविर में राज्य शासन की महतारी वंदन योजना का स्टाल लगाया गया, जिसमें पात्र 55 महिलाओं का पंजीयन किया गया। महतारी वन्दन योजना के सम्बन्ध में जानकारी 113 महिलाओं ने प्राप्त की। स्वास्थ्य शिविर के स्टाल पर 512 नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की, 275 नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में 1035 नागरिकों ने केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसमें विभिन्न योजनाओं में पात्रता अनुसार 420 नागरिक पंजीकृत किये गये।

### राममय हुआ शहर का माहौल, सिर पर कलश लेकर निकली दो हजार महिलाएं

**कांकेर।** रामकथा के पहले दिन दो हजार महिलाएं सिर पर कलश लेकर ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर से निकली तो माहौल राममय हो गया था। कलश यात्रा की शोभा बस्तर का पारंपरिक मांदरी नृत्य, धुमाल पार्टी, रामदरबार की सजीव झांकी के साथ रथ पर सवार कथा वाचक अतुलकृष्ण जी बढ़ा रहे थे। रास्ते में जगह जगह श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा तथा कथा वाचक का स्वागत पुष्पवर्षा से किया। शहर में रामकथा की तैयारियां पिछले एक महीने से चल रही थी। रामकथा आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह था। आयोजन समिती की व्यापक तैयारियों तथा घर घर निमंत्रण पहुंचाने का असर दिखा तथा महिलाएं स्वस्फूर्त कलश यात्रा में शामिल होने पहुंची। सुबह 11 बजे से लाल तथा पीली साड़ी पहनी महिलाओं का हूजूम ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर में जमा होने लगा। दोपहर 2 बजे ऊपर नीचे रोड से कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ निकली। कलश यात्रा में सबसे आगे बस्तर का पारंपरिक मांदरी नृत्य करते लोक कलाकार चल रहे थे। इनके पीछे शहर के गणमान्य नागरिक चल रहे थे। इसके पीछे धुमाल पार्टी फिर रामदरबार की सजीव झांकी थी। इसके बाद सिर पर कलश लिए युवतियां तथा महिलाएं कतारबद्ध चल रही थी।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल ने की सौजन्य मुलाकात

# विदेशी अधिकारियों को खूब भाया छत्तीसगढ़

लोकशक्ति। संवाददाता।

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहां पहुना स्थित उनके निवास कार्यालय में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय से छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे अधिकारियों के अध्ययन दल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पहुंचे सभी अधिकारियों का राज्य में स्वागत किया। मुख्यमंत्री को अध्ययन दल के अधिकारियों ने बताया कि महाविद्यालय में एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शामिल 6 सप्ताह के अंडर स्टैंडिंग इंडिया मॉड्यूल के तहत 120 अधिकारियों का दल 8-8 अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहा है।**



इसी क्रम में 16 अधिकारियों का दल छत्तीसगढ़ पहुंचा है, जो प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं सहित राज्य में हो रहे विकास कार्यों और गतिविधियों का अध्ययन करेगा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री साय ने अध्ययन दल के अधिकारियों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति, सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताओं सहित जनजातीय बाहुल्य इलाकों के विशेष संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग, महिला सशक्तिकरण के साथ ही विकास से जुड़े विषयों पर अध्ययन दल से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ बहुत सुन्दर प्रदेश है। यहां खनिज सम्पदाओं, वन सम्पदाओं के विपुल भण्डार मौजूद है। प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध छत्तीसगढ़ में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। हम छत्तीसगढ़ की विशिष्टताओं को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहे है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई और अदंरूनी क्षेत्रों में विकास कार्यो और जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से माओवादी आतंकवाद का दायरा सिमट गया है। हमनें माओवादी आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में तेजी लाई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनजाति बाहुल्य इलाकों में विकास को गति देने के लिए आदिवासी विकास प्राधिकरण बनाए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में जनजातीय मंत्रालय बनाया गया था, जो आदिवासी बाहुल्य इलाकों के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। हमने इसी रास्ते पर आगे बढ़ते हुए इन इलाकों के समावेशी की कार्ययोजना तैयार की है, जिसका जल्द ही क्रियान्वयन भी किया जाएगा। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। सड़कों के विस्तार को भी बढ़ावा देना है, जिससे आवागमन सुगम होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में महिला स्व-सहायता समूह बड़ी संख्या में कार्यरत है। पंचायत स्तर पर 10 से 12 महिलाओं का समूह विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़ा है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। श्री साय ने कहा कि हमने निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार की महिलाओं के आर्थिक उन्नयन के लिए राज्य में महतारी वंदन योजना की शुरूआत की दी है। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने दंतेवाड़ा के जावंगा एजुकेशन सिटी और राम कृष्ण मिशन द्वारा आदिवासी युवाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों का विशेष रूप जिक्र किया।

जिस पर अधिकारियों ने बताया कि वे इन इलाकों का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री से हुई सार्थक चर्चा पर अधिकारियों ने कहा कि भारत को जानने समझने में छत्तीसगढ़ की उनकी यह यात्रा बड़ी लाभदायक सिद्ध होगी। छत्तीसगढ़ से वे नये अनुभव साथ लेकर जाएंगे, जो उनके कार्य क्षेत्र में भी उपयोगी साबित होगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से चर्चा के दौरान अध्ययन दल के प्रभारी मेजर जनरल सामर्थ्य नागर ने बताया कि हमने जैसा सोचा था, छत्तीसगढ़ उससे कही अधिक सुन्दर है। उन्होंने बताया कि अध्ययन दल में शामिल पांच मित्र देशों - अमेरिका, कजाकिस्तान, सऊदी अरब, बांग्लादेश और नेपाल के साथी अधिकारियों को छत्तीसगढ़ का प्राकृतिक सौंदर्य खूब भाया है। उन्होंने बताया कि साथी अधिकारी छत्तीसगढ़ की इस सुन्दर यात्रा को लेकर बहुत उत्सुक और खुश हैं।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से रविदास समाज में जगी नई उम्मीद

लोकशक्ति। संवाददाता।

**रायपुर। मन चंगा तो कठौती में गंगा, यह संत शिरोमणि रविदास ने कहा था। यदि ठान लिया जाए तो कुछ भी असंभव नहीं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के आरंभ होने से रविदास समाज के सपनों को पूरा करने की दिशा में आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध हो गये हैं। व्यवसाय को आगे ले जाने के लिए समाज के लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने उद्यम को विस्तार दे रहे हैं।**



अभी हाल ही में महासमुंद के झलप में हुए गुरु रविदास महासभा के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आपका समाज छोटा जरूर है, लेकिन ताकतवर समाज है, अगर मन में ठान लिया जाए तो हर कार्य संभव हो जाता है। उन्हें सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में महासभा के लोग और प्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोग गदगद हो रहे थे। महासम्मेलन में पहुंचे झलप निवासी सोनाधार रौतिया ने कहा कि अब हमें उम्मीद ही नहीं विश्वास है, हम अपने समाज को आगे बढ़ाएंगे। पहली बार कोई मुखिया हमारे महासम्मेलन में पहुंचे हैं। इससे हमें गर्व की अनुभूति हो रही है, इससे हम आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि वे एक छोटे से जूते-चप्पल की दुकान के माध्यम से अपनी आजीविका चलाते हैं। लेकिन अब प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से एक नई उम्मीद जगी है।

मुझे आसानी से लोन मिलेगा और अपने व्यवसाय को नया रूप दे सकूंगा। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी सुधा एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। प्रयास विद्यालय में पढ़कर उन्होंने सफलता पाई है। सुधा कहती है कि अब मेरे डॉक्टर बनने का सपना भी जल्द ही पूरा होगा। उन्होंने बताया कि इस अंचल में उनके समाज की वे एकमात्र डॉक्टर हैं। जिस दिन डिग्री मिल जायेगी मैं मुख्यमंत्री से मिलने जाऊंगी। इसी तरह समाज के किसान सफेद सिंह मिर्धा ने बताया कि वे खेती किसानी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास 5 एकड़ जमीन है। यहां पानी की समस्या है, वर्तमान सरकार सिकासेर जलाशय से पानी लाने की व्यवस्था करेगी। हमें विश्वास है कि आने वाले समय में यह काम जरूर पूरा होगा और हम यहां भी खेती को एक उन्नत खेती के रूप में विकसित करेंगे। इसी तरह विशाखाबाई ने कहा कि चिटफंड कंपनी में लगा पैसा मिलने की उम्मीद बन गई है। उन्होंने महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अब हमें साल में 12 हजार रुपए मिलेंगे। मैं बहुत खुश हूं कि प्रधानमंत्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय हम गरीब महिलाओं के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आए हैं। उन्हें गाड़ा-गाड़ा जोहार करते है।

कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों की आंखों में उम्मीद और नए विश्वास के सपने साफझलक रहे थे।उत्सुकता और उत्साह के साथ वे मुख्यमंत्री को सुन रहे थे। सभा मे पहुंची सुखवंतीन बाई ने कहा कि मुख्यमंत्री सहज, सरल और विनम्र है। वह हम सबके के मुखिया हैं।

## बार एण्ड रॉड मिल में हिंदी कार्यशाला आयोजित

लोकशक्ति। संवाददाता।

**भिलाई। बीएसपी के बार एण्ड रॉड मिल विभाग के सभागार में मुख्य महाप्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीतियों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 05 फरवरी 2024 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यशाला में महाप्रबंधक शिखर तिवारी, महाप्रबंधक एस. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक आशीष ठाकुर, महाप्रबंधक एस. मोहंती, महाप्रबंधक के. के. ठाकुर तथा वरिष्ठ प्रबंधक सुनील सोनी, सुश्री उप प्रबंधक (बीआरएम) ग्लेमिका पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम घर और कार्यक्षेत्र में सारा वार्तालाप अपनी भाषा हिंदी में करते हैं। आवश्यकता केवल कागजात में हिंदी लिखने की है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीति के अनुसार भी हिंदी में पत्राचार एवं समस्त कार्यालयीन कागजात हिंदी में लिखने व जारी किए जाने के दिशानिर्देश हैं। अतः हमें अपने समस्त कार्य शत-प्रतिशत हिंदी में करना ही है। हिंदी हमारे समग्र निष्पादन में भी सहायक है। वरिष्ठ प्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह ने बार एण्ड रॉड मिल विभाग द्वारा हिंदी के क्षेत्र में की जा रही पहल, विशेष उल्लेखनीय कार्यों एवं संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं की जानकारी दी व विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा ऑनलाइन गूगल वॉइस टाइपिंग एवं ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान, यातायात, सुरक्षा,का आयोजन किया गया।

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने किया अम्बेडकर अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

लोकशक्ति। संवाददाता।

**रायपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अम्बेडकर अस्पताल के मेडिसिन वार्ड तथा गहन चिकित्सा इकाई (इंटेंसिव केयर यूनिट) का निरीक्षण कर उपचार व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**



श्री जायसवाल ने मेडिसिन वार्ड में भर्ती एवं उपचाररत मरीजों के स्वास्थ्य के संबंध में उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा के दौरान मेडिसिन वार्ड में भर्ती मरीज के परिजनों ने बताया कि उनका उपचार अस्पताल में बेहतर ढंग से हो रहा है। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने अम्बेडकर अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण करते हुए वहां भर्ती गंभीर मरीजों के उपचार की जानकारी लेते हुए उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए यथासंभव हर प्रयत्न करने के निर्देश ड्यूटीरत चिकित्सकों को दिए। क्रिटिकल केयर यूनिट में विगत 28 दिसम्बर से भर्ती एवं गंभीर दुर्घटना के शिकार मरीज के परिजन ने स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी कि मरीज जिस स्थिति में यहां आया था उसके बाद अब उसमें काफी सुधार हुआ है जिससे वे अस्पताल की उपचार व्यवस्था को लेकर संतुष्ट हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने डायलिसिस यूनिट का अवलोकन करते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

वार्डों के निरीक्षण के उपरांत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों तथा विभागाध्यक्षों की बैठक लेते हुए चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस विभाग का मंत्री बनने के बाद अम्बेडकर अस्पताल का यह दूसरी बार निरीक्षण है। प्रथम बार के औचक निरीक्षण के पश्चात् व्यवस्था में काफी बदलाव हुए हैं जो संतोषप्रद है। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल की बेहतरी की दिशा में प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया एवं अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के आने के पूर्व ही वाटर कूलर, पंखे एवं कूलरों की व्यवस्था वार्डों एवं ओपीडी में पर्याप्त संख्या में होनी चाहिए ताकि मरीजों को परेशानी न हो। उन्होंने चिकित्सालय में संचालित लिफ्ट की व्यवस्था को और भी बेहतर तथा सुगम बनाने के निर्देश दिए।

श्री जायसवाल ने बैठक में कहा कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक मेडिकल उपकरण, ओटी काम्प्लेक्स के उन्नयन एवं रेडियोलॉजी के जांच की मशीन के संबंध में अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर मांग पत्र पुन: भेजें जाएं ताकि भविष्य में मरीजों को ऑपरेशन, पैथोलॉजी बायोकेमिस्ट्री व माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित सभी जांच एवं रेडियोलॉजी जांच के लिए इंतज़ार न करना पड़े। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षा के मद्देनज़र पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। चिकित्सा शिक्षा मंत्री द्वारा अस्पताल के निरीक्षण एवं बैठक के दौरान विभागाध्यक्ष नेत्र रोग विभाग डॉ. निधि पांडे, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह, अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. विनित जैन, विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया डॉ. प्रतिभा जैन शाह, विभागाध्यक्ष बायोकेमिस्ट्री डॉ. पी. के. खोडियार, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. वी. कापसे, मेडिसिन विभाग के डॉ. योगेन्द्र मल्होत्रा, सर्जरी विभाग के डॉ. संतोष सोनकर समेत प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती रंजना ध्रुव उपस्थित रहीं।

## आईपीएस रामगोपाल गर्ग ने लिया आईजी दुर्ग रेंज का चार्ज, बद्री नारायण मीणा ने सौंपा प्रभार

लोकशक्ति। संवाददाता।

**भिलाई। दुर्ग रेंज के नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने सोमवार शाम को पदभार ग्रहण कर लिया। आईपीएस बद्री नारायण मीणा ने पुष्पगुच्छ सौंपकर उन्हें प्रभार दिया। राम गोपाल गर्ग भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग के वर्ष 2007 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हैं।**



राम गोपाल गर्ग 07 वर्ष सीबीआई नई दिल्ली सहित छत्तीसगढ़ राज्य में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं, जिनमें राज्य के सरगुजा रेंज पुलिस महानिरीक्षक और रायगढ़ रेंज एवम राजनांदगांव में डीआईजी के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। साथ ही जिला दुर्ग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में भी रह कर शांतिपूर्वक विधानसभा चुनाव संपन्न करा कर सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज का पदभार ग्रहण किया। नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के पदभार ग्रहण बाद कार्यालय के सभी कर्तव्यरत अधिकारी व कर्मचारियों से मीटिंग लेकर परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के बारे में जाना। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मीता पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पदमश्री तंवर, प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय प्रमोद सबद्र, उप पुलिस अधीक्षक पनीकराम कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक शिल्पा साहू, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक विंध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक राजीव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर, सीएसपी छावनी आशीष बंछोर, स्टेनो श्रीनिवास राव, रक्षित निरीक्षक दुर्ग नीलकंठ वर्मा, थाना प्रभारी भिलाई नगर राज कुमार लहरे, पीआरओ दुर्ग पुलिस आरक्षक प्रशांत शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शिक्षक पद के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग 8 से 10 फरवरी तक

रायपुर शिक्षक सीधी भर्ती 2023 में शिक्षक पद हेतु अभ्यर्थियों की चतुर्थ चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग 8 फरवरी दोपहर 12 बजे से 10 फरवरी संध्या 05 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट httpsÑ//eduportal.cg.nic.in/ के माध्यम से प्रारंभ की जा रही है। उक्त काउंसिलिंग में व्यापम की परीक्षा परिणाम के अनुसार शिक्षक पद के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल https//eduportal.cg.nic.in/ पर देखी जा सकती है। उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस काउंसिलिंग में कुल 1342 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। शालाओं के आबंटन पश्चात् अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन आबंटित संभाग के कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग, बस्तर/सरगुजा में किया जाएगा। अभ्यर्थी समस्त आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों, अभिलेखों सहित निर्धारित समयावधि में कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग में उपस्थिति सुनिश्चित करेगें। दस्तावेज सत्यापन तिथि की सूचना अभ्यर्थियों के लागिन आई.डी. तथा पंजीकृत मोबाईल नंबर पर पृथक से प्रदान की जायेगी।

# जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने ओपन लिंक फाउन्डेशन के साथ किया एमओयू

## जिले में किया गया विनोबा शिक्षक सहायक कार्यक्रम का शुभारंभ

## विनोबा एप के माध्यम से शिक्षकों को शिक्षण प्लानिंग की मिलेगी सुविधा



जांजगीर-चांपा 06 फरवरी 2024/ जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के मध्य एमओयू साइन किया गया। जिसके तहत जिले में विनोबा शिक्षक सहायक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में ओपन लिंक फाउंडेशन के द्वारा निर्मित एक विनोबा ऐप के माध्यम से शिक्षक सहायक कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभागार में आज कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, ओपन लिंक फाउन्डेशन के प्रमुख श्री संजय डालमिया, ट्रस्टी श्री राजीव कुमार, जिला इंगेजमेंट आफिसर श्री हेमन्त, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर. के. खुंटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पाण्डेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा की उपस्थिति में ''विनोबा'' शिक्षक सहायक कार्यक्रम का लांच किया गया।

श्री राजीव कुमार एवं श्री संजय डालमिया ने ''विनोबा एप'' के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में टीचर सपोर्ट, मोटिवेशन एवं प्रोग्राम मानिटरिंग के लिए एप बहुत ही उपयोगी है, इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के कार्यो को तथा विभिन्न प्रकार के आंकड़ो को कलेक्शन करने में भी सहायक होगा। इसमे शिक्षक मुख्य है उन्हें सपोर्ट करके कंटेंट को अच्छे से इम्प्लीमेंट कराया जा सकता है, उपस्थितों को ''विनोबा एप'' का डाउनलोड करके इसके कार्यविधि के बारे में बताया गया। इस एप के माध्यम से नवाचारी शिक्षकों एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के सार्वजनिक करण के लिए एक मंच उपलब्ध कराया गया है। इससे जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को सभी शिक्षकों तक निर्बाध रूप से पहुँचाया जायेगा एवं उत्कृष्ठ शिक्षकों के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यो से अन्य शिक्षक प्रेरित होंगे। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक श्री राजकुमार तिवारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, एन.जी. ओ. से छाया कुंवर एजुकेशन विशेषज्ञ, दिव्या राजपूत जिला समन्वयक यूनिसेफ, मुनीर जिला समन्वयक अजीम प्रेमजी, राकेश सोनवानी जिला समन्वयक ह्यूमाना, महेंद्र यादव ब्लिंक फाउंडेशन, मयंक बाघेला एक कदम और फाउंडेशन उपस्थित रहे।

# जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल के छात्राओं का जूनियर खेल समारोह में प्रदर्शन रहा उत्कृष्ट



जांजगीर चांपा :- संवाददाता।

राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर विजयी रहे हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग) के छात्र राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ 17 वर्षीय जूनियर खेल समारोह आरोहन 2023-24 (बालक-बालिका) श्री रावतपूरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर (छ ग)द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में रिले रेस ( 100 ग 4 )में तृतीय पुरस्कार प्रियांशु राकेश , गजेन्द्र कश्यप पुरस्कार प्राप्त किया। एवं खो -खो में प्रियांशु राकेश , गजेन्द्र कश्यप, खगेन्द्र खरे , यश पटेल, ओम साव, प्रयांक कश्यप ,राकेश देंवागन, नयन तिवारी, सुभम यादव , आर्यन साहू , शिवम राय सांत्वाना पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

अवगत है कि खेल का आयोजन दिंनाक 29/01/2024 से 04/01/2024 तक श्री रावतपूरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ मे आयोजित किया गया था जिसमे हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग) के छात्र-छात्राओ ने सहभागिता दी जिसमें छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा ।

विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार कुलदीप जी एवं विद्यालय सहायक प्राचार्य मनोज कुमार पंडा ने उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण एवं स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम के समान है।

विद्यालय संचालक श्री अजय कुमार गट्टानी जी ने प्रतिभावान छात्रों को आर्शीवाद संदेश देते हुए कहा कि वह विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता, परिजनों का नाम रौशन करते रहे और आगामी दिवस में आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिताओं में उन्नत प्रदर्शन करते रहेंगें। विद्यालय का सदैव प्रयास रहा है शिक्षा के साथ खेलकूद भी अनिवार्य है इससे बच्चे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वयं को तैयार करने में सक्षम हो पाते है।



## राजपूत क्षत्रिय समाज ने कलेक्टर से किया भेंट

**जांजगीर चांपा** - आज 6 फरवरी को जांजगीर चांपा कलेक्टर आकाश छिकारा एवम अपर कलेक्टर एस पी वैद्य से जांजगीर राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौजन्य भेंट किया गया । इस दौरान समाज द्वारा सामाजिक समरसता हेतु किए जा रहे कार्ययोजना की जानकारी से कलेक्टर व अपर कलेक्टर को अवगत कराया । प्रतिनिधी मंडल में समाज के अध्यक्ष डा श्रवण सिंह , देवेश सिंह , छोटा सिंह , नवल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे ।

# कलेक्टर जनदर्शन में आए आवेदन का तत्काल हुआ निराकरण

## ताराचंद निकाल सकेंगे एटीएम से पैसा तो बसंत को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनने से मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ

जांजगीर-चांपा

सोमवार को कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के जनदर्शन कार्यक्रम में जांजगीर के खोखरा से आए श्री ताराचंद धीवर ने सहकारी बैंक में एटीएम बनाए जाने एवं सक्ती जिले से आए ताराचंद चौहान ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने को लेकर आवेदन दिया था। संवेदनशील कलेक्टर ने दोनों के आवेदनों को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। ताराचंद को जहां उसी दिन एटीएम कार्ड मिल गया तो वहीं दूसरे दिन बसंत चौहान को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य एवं जिला पंचायत मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्री आर के खुंटे भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा प्रत्येक सोमवार को कलेक्टोरेट में जनदर्शन लगाया जा रहा है। जिमसें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। आवेदन लेकर आने वाले हितग्राहियों की समस्याओं का पात्रता अनुसार त्वरित निदान हो इसके लिए कलेक्टर श्री छिकारा ने संबंधित अधिकारियों को भी सभाकक्ष में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में 5 फरवरी सोमवार को खोखरा से सहकारी बैंक में एटीएम बनाए जाने को लेकर ताराचंद धीवर ने आवेदन किया था, उनके आवेदन की प्राथमिकता को देखते हुए उन्होंने मौके पर बैंक अधिकारी को आवेदन का निराकरण करने कहा। बैंक अधिकारी ने आवेदन के आधार पर ताराचंद का एटीएम बनाकर दिया, जिसे कलेक्टर श्री छिकारा के हाथों उसी दिन



प्रदान किया गया। ताराचंद का कहना था कि एटीएम बनजाने से अब उन्हें बैंक में पैसा निकालने के लिए लाइन नहीं लगाना पड़ेगी। वहीं सक्ती जिले से आए बसंत चौहान ने दिव्यांग प्रमाण पत्र को लेकर आवेदन किया था। आवेदनको मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने दिया गया। इस मामले में दूसरे दिन मेडिकल बोर्ड द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए हितग्राही बसंत के पैर की जांच की गई। जांच में बसंत 80 फीसदी चलने संबंधी दिव्यांगता पाई गई इस आधार पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। बसंत का कहना था कि दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनने से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। दोनों का कहना था कि एक ही दिन में आवेदन पर त्वरित निराकरण होने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है।

## रोजगार कार्यालय में 9 फरवरी होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**जांजगीर-चांपा** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 09 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से रोजगार कार्यालय, जांजगीर चांपा में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में अघोर विद्यापीठ, पोड़ीदल्हा अकलतरा द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, रसायन, जीवविज्ञान, भौतिक, लेखा, बिजनेस स्टडी, अर्थशास्त्र, म्यूजिक टीजर, संस्कृत टीचर, कम्प्यूटर टीचर, इतिहास, लिपिक, कम्प्यूटर आपरेटर, एकाउन्टेंट, प्यून, आया आदि के पद शामिल है। उक्त पद हेतु पुरूष एवं महिला दोनो आवेदक पात्र होगें। प्रतिष्ठान द्वारा सभी पदों के लिए अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है जो न्यूनतम 10वीं से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण तक है एवं सभी पदों के लिए अनुभव अनिवार्य है। शिक्षकों के पद के लिए बी.एड. एवं डी.एड. अनिवार्य होगा। प्रतिष्ठान द्वारा चयनित आवेदको को प्रतिष्ठान के नियमानुसार वेतनमान प्रदान किया जावेगा। चयनित आवेदक का कार्यक्षेत्र पोड़ीदल्हा अकलतरा रहेगा। आवेदक की जानकारी के लिए यह अवगत हो कि अघोर विद्यापीठ एक विद्यालय है जो सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। जो युवा उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होना चाहते है वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा रोजगार पंजीयन के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित हो सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

## राशन दुकानों में अनियमितता की जांच विधायक दल की समिति करेगी

**रायपुर,** / खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय राशन दुकानों में अनियमितता पाई गई है, जिसमें 216 करोड़ की राशि का राशन कम पाया गया था। अब इसकी नये सिरे से जांच विधायक दल की समिति द्वारा कराई जाएगी। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि खाद्यान्न की कमी एवं राशन दुकानों में अनियमितता से संबंधित मामला पूर्ववर्ती श्री भूपेश सरकार के समय का है। उन्होंने बताया कि अनियमितता के संबंध में सरकार द्वारा कई राशन दुकानों पर निलंबन एवं एफआई.आर. कर कार्यवाही की गई थी और वसूली भी की जा रही है।


श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड

SHRIRAM Finance

SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

**मुख्य कार्यालय :** लेबल-3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा ( पूर्व ), मुम्बई 400 051, दूरभाष ; 022 4041 0400, 022 4060 3100 वेबसाईट : http://www.shriramfinance.in

**पंजीकृत कार्यालय :** श्री टॉवर, प्लॉट नं 14ए, साउथ फेज इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुइंडी, चेन्नई 600 032, **शाखा कार्यालय:** नं ए-36, प्रथम तल, सीजी एलाईट कॉम्लेक्स, मंडी गेट के सामने, विधानसभा रोड, पंडरी, रायपुर छत्तीसगढ़ - 492001

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(5) तथा 9(1)का प्रावधान देखें] अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी सूचना**

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। इसके बाद 'श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30.11.2022 के नाम परिवर्तन के अनुसार निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) तथा 9(1) के तहत अचल सम्पत्तियों की विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार/रों एवं जमानती/यों को सूचना दी जाता है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा किया गया है, की बिक्री तालिका में वर्णित के अनुसार कर्जदारों एवं जमानतियों से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के बकायों की वसूली के लिए **''जहाँ है जैसे है'', ''जो है यही है'' तथा जो ''कुछ भी है वहीं है'' आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक 20/02/2024 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक** की जायेगी। कर्जदारों तथा जमानतियों के विवरण, बकाया राशि, अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण तथा उस पर ज्ञात ऋणभार, आरक्षित मूल्य एवं जमा धरोहर राशि तथा वृद्धि भी निम्नवत दी गयी है :

| कर्जदारों/सह-कर्जदारों/ जमानतियों/बंधनकर्ताओं के नाम | 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (रू.) एवं संविदा वृद्धि | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) का विवरण | नीलामी की तिथि एवं समय | संपर्क व्यक्ति तथा निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. मेसर्स इंडस्ट्रीयल ट्रेडिंग कारपोरेशन 22, द्वितीय तल, अरिहंत कॉम्पलेक्स, स्टेशन रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़<br>2. श्री नीरज कुमार वी-1, जीवन विहार, रवि ग्राम, तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़<br>3. श्री पंकज कुमार वी-1, जीवन विहार, रवि ग्राम, तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़<br>**कब्जे की तिथि और कब्जे का प्रकार**<br>07.02.2020 भौतिक कब्जा<br>**ज्ञात ऋणभार**<br>ज्ञात नहीं | रु. 1,26,56,924/- (रुपये एक करोड़ छब्बीस लाख छप्पन हजार नौ सौ चौबीस मात्र) डिमांड नोटिस दिनांक 29.01.2018 के अनुसार<br>**ऋण खाता संख्या** RCDRPRTF1409020001 | खसरा (सर्वे) संख्या 114/5, रकबा 0.018 हेक्टे. का भाग, क्षेत्र 1936 वर्ग फुट के आसपास और खसरा का भाग नंबर 114/3, 0.086 हे. रकबा का भाग या क्षेत्रफल 7314 वर्ग फुट के आसपास कुल खसरा क्षेत्र 0.086 के आसपास है, 9250 वर्ग फुट या 859.66 वर्ग मीटर भाटागांव पर स्थित है, पी.सी.नं.-105 डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड नं. 63, आर.आई.सी. रायपुर, तहसील और जिला, रायपुर, (छत्तीसगढ़) | रु. 51,41,000/- (रु. इक्यावन लाख इकचालिस हजार मात्र)<br>संविदा वृद्धि: रु. 25,000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) तथा इसके गुणक<br>**जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रू.)**<br>रु. 5,14,100/- ( रुपए : रू पांच लाख चौदह हजार एक सौ रूपये मात्र ) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 22-02-2024 समय: 10.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप. तक | यहां नीचे उल्लिखित खाता विवरणों में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा की जाने वाली ईएमडी राशि<br>**बैंक का नाम :** एक्सिस बैंक लिमिटेड **शाखा** डॉ. राधाकृष्णन सलाई मायलापोर, चेन्नई<br>**बैंक खाता नं.** चालू खाता सं. 006010200067449<br>**आईएफएससी कोड-** UTIB0000006 | 23 फरवरी 2024<br>समय: 11.00 बजे पूर्वा से 01.00 बजे अप. | श्री वेद प्रकाश मिश्रा +91 9910144252<br>रितेश पांडे +91 9009793745<br>श्री देबज्योति रॉय +91 9874702021<br>संपत्ति के निरीक्षण की तिथि: 21 फरवरी 2024 समय 11.00 बजे पूर्वा. से 4.00 बजे अप. |

**प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत 15 दिनों की वैधानिक सूचना**

कर्जदार/बंधककर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी की तारीख यानी 23/02/2024 से पहले उपरोक्त वर्णित राशि के साथ-साथ अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चो का भुगतान करें, जिसमें विफल होने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और शेष बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **नेक्सजेन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट https://www.disposalhub.com पर आयोजित की जाएगी और निविदा जमा करने के स्थान / बोली प्रपत्र प्राप्त करने/ निविदा खुलना और नीलामी के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.disposalhub.com पर जाएं और बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तो के लिए कृपया श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट **http://www.shriramfinance.in/auction** में प्रावधानित लिंक देखें।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
तिथि : 07-02-2024

ह./- अधिकृत प्राधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड


# राजेश्री महन्त महाराज ने कराया दर्शन भागवताचार्य को भगवान शिवरीनारायण का

## अनिकेत कृष्ण शास्त्री जी का आगमन भिलाई 3 में भागवत कथा कहने के लिए हुआ है



जांजगीर चांपा - महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर श्री शिवरीनारायण मठ ने ब्रजबिहारी धाम नर्मदा तट जबलपुर मध्य प्रदेश से भागवत कथा का वचन करने के लिए छत्तीसगढ़ पधारे हुए श्री अनिकेत कृष्ण शास्त्री जी महाराज को भगवान शिवरीनारायण का दर्शन कराया। श्री शास्त्री जी भागवत कथा का वचन करने के लिए छत्तीसगढ़ आए हुए हैं। वे शिवरीनारायण भगवान का दर्शन करने की इच्छा से यहां पहुंचे, राजेश्री महन्त जी महाराज ने उन्हें भगवान शिवरीनारायण के चरणारविंद में स्थित रोहिणी कुंड, कृष्ण वट, चंद्रचूड़ महादेव तथा भगवान जगदीश स्वामी जी का मठ मंदिर में दर्शन पूजन कराया साथ ही उन्हें शिवरीनारायण के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। उन्हें माता शबरी के जन्म भूमि के संदर्भ में जानकारियां प्रदान की, आचार्य जी ने पूछा कि शिवरीनारायण में भगवान रघुनाथ जी का आगमन हुआ था क्या? इस पर राजेश्री महन्त जी ने उन्हें अवगत कराया कि- भगवान रघुनाथ जी अपने अनुज लक्ष्मण जी सहित माता सीता की खोज करते हुए इस नगर में पधारे थे, यह चारों युग की अति प्राचीन नगरी है। यहां महानदी प्रवाहित होती है जिसे वेद पुराणों में चित्रोत्पला गंगा के नाम से उल्लेखित किया गया है।

महानदी में त्रिवेणी संगम है, जोंक नदी, शिवनाथ नदी एवं महानदी के संगम तट पर यह नगर बसा हुआ है। यह मंदिरों का शहर है यहां अनेक मंदिर हैं जिसमें विशेष कर राधा कृष्ण मंदिर, राम जानकी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, हनुमान जी का मंदिर विख्यात है। मुख्य दर्शन भगवान शिवरीनारायण का होता है जिसके नाम से यहां माघी पूर्णिमा के अवसर पर विशाल मेला लगता है। आचार्य जी ने राजेश्री महन्त जी महाराज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की और कहा कि -इस नगर में आकर हमें बड़ी प्रसन्नता हुई, प्रभु ने जिस भूमि पर पदार्पण किया वहां का दर्शन करने का सौभाग्य हमें मिला।

इस अवसर पर मुख्तियार सुखराम दास जी, त्यागी जी महाराज, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, पुरेंद्र सोनी, ठाकुर राजकुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

## खास खबर

### बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नही, कानूनन अपराध भी है

**दुर्ग।** राज्य में बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नही अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि वर या कन्या बाल विवाह पश्चात् विवाह को स्वीकार नही करते हैं, तो बालिग होने के पश्चात् विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है एवं बाल विवाह बालकों के सर्वोत्तम हित में नही है। राज्य में इसकी पूर्ण रोकथाम किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य में बाल विवाह की पूर्ण रोकथाम हेतु दिशानिर्देशों के अनुरूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला शिक्षा अधिकारी, नगरीय निकाय/पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों, जिला प्रशासन एवं संबंधित सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय, समाज के सभी मुखियाओं के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार, मुनादी तथा आमजनों के सहयोग से परिणाम मूलक कार्यवाही कर 15 दिवस की समय सीमा में कृत कार्यवाही से महिला एवं बाल विकास विभाग को अवगत कराने को कहा है।

### भवनों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा में हो - आयुक्त

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटक में निर्माणाधीन भवनों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा में पुरा हो ताकि पात्र हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति से आवास आबंटन शीध्र किया जा सके। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव सोमवार को खम्हरिया में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो का स्थल अवलोकन किये, उन्होने मौके पर उपस्थित ठेकेदार से कहा कि ए.एच.पी के सभी भवनों को निर्माण समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण हो। आयुक्त सुबह 7 बजे जोन 1 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए खम्हरिया पहुँचे थे। बता दे कि खम्हरिया के मॉडल स्टोन स्कूल के पास, ग्रीन वैली, सूर्या बिहार के पीछे, अविनाश मेट्रोपालिस, एंनार स्टेट में भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी संख्या 3709 है, जिसमें से 987 भवनो का आबंटन लॉटरी निकाल कर किया जा चुका है। उसी प्रकार केनाल रोड एवं अन्य से प्रभावित 95 हितग्राहियों को आवास आबंटन किया जा चुका है।

---

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 70 से अधिक ट्रैक मशीन रेलवे पटरियों की कर रहे हैं रखवाली

# रेलवे ट्रैक का आधुनिक एवं उन्नत मशीनों से किया जा रहा है रख रखाव

## बीते 10 माह में की गई 4800 किमी से अधिक प्लेन ट्रैक टैंपिंग

लोकशक्ति । संवाददाता।

भिलाई। भारतीय रेलवे के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगभग 5480 ट्रैक रूट किलोमीटर रेल लाइन के साथ प्रतिदिन औसत लगभग 360 यात्री गाड़ियों के साथ-साथ माल गाड़ियों का भी परिचालन करती है। इतनी बड़ी संख्या में रेल लाइनों पर गाड़ियों के परिचालन से निश्चित ही रेल लाइनों का समयानुसार आवश्यक मेंटेनेंस कार्य की आवश्यकता होती है। रेल परिचालन जितना महत्वपूर्ण है उतना ही जरूरी रेल पटरियों का मेंटेनेंस भी है। रेलवे द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से रेलवे पटरियों का रखरखाव कर रहा है।



इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रेल लाइनों का ट्रैक मशीनों के द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के अप्रैल2023 से जनवरी 2024 तक पिछले 10 महीनों में 4800 किलोमीटर से भी अधिक प्लेन ट्रैक की टैंपिंग का कार्य किया गया है, जो कि पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान दिन हो या रात, सर्दी हो या बरसात 24 घंटे रेल कर्मचारी एक-एक मिनट के समय का सदुपयोग करते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए कार्य करता है। इसके साथ ही साथ इन्ही दौरान रेलवे लाइनों पर ट्रैको के रिनिवल एवं मेंटेनेंस करनेवाली मशीनों से भी कार्य लिया जाता है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने 74 ट्रैक मशीनों के साथ ट्रैक रखरखाव एवं अनुरक्षण के कार्य में मुस्तैदी के साथ कार्यरत है। ट्रैक मशीनों मे मुख्यतः सीएसएम, ड्योमैटिक, एमपीटी, यूनिमेट, बीसीएम, एफआरएम, बीआरएम, पीक्यूआरएस, टी28, आदि शामिल हैं। इन मशीनों के संचालन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रैक मशीन विभाग में लगभग 700 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है।

### सुरक्षित सफर के लिए मेंटेनेंस जरूरी

रेल लाइनों के मेंटेनेंस में मुख्य रूप से रेल लाइनों की लाइनिं, लेवलिंग एवं अलाइनमेंट बहुत ही महत्वपूर्ण है इसके साथ ही साथ रेल लाइनों के नीचे बिछा हुआ गिट्टी या बैलास्ट, जो कि लाइनों के लिए कुशन का कार्य करती है तथा रेल लाइनों के ऊपर पड़ने वाली गाड़ियों के भार को सही मात्रा में बांटकर रेल यात्रियों के आरामदायक यात्रा को सुनिश्चित करने में मदद करती है। रेल यात्रियों के संरक्षित सफर को सुनिश्चित करने में रेल लाइनों के मेंटेनेंस कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। नए जरूरतों को देखते हुए रेलवे द्वारा अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। इन अत्याधुनिक मशीन के द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेक प्रकार के कार्य सुगमता से सरलता से किए जाते हैं। मशीन के द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है, और साथ-साथ में रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल एवं सुरक्षित तरीके से कर देती है जिससे ट्रैक कर्मियों की सुरक्षा भी बनी रहती है।

### 130 किमी तक पहुंच चुकी है गति

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीसरी लाइन, चौथी लाइन एवं नई लाइन के निर्माण कार्य तथा कार्यरत लाइन के अनुरक्षण एवं मरम्मत के लिए मशीनों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। इसके के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल में मैनपावर के साथ, उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके आधुनिक ट्रैक मेंटेनेंस किया जा रहा है। नागपुर से बिलासपुर की मेन लाइन की गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे की जा चुकी है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन की गति मे वृद्धि का परीक्षण भी किया जा चुका है। आने वाले समय में इस सेक्शन की गति मे भी वृद्धि हो जाएगी। ऐसे में इस मशीनों की आवश्यकता तथा महत्ता और बढ़ गई है। लाखो करोड़ों रेल यात्रियों के विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने के लिए, जरूरी है कि हमारे यात्रियों के ट्रेनों पर चढ़ने से लेकर उनके गंतव्य पहुँचने तक भारतीय रेलवे की विश्वसनीय एवं भरोसे की मुस्कान हमारे रेल यात्रियों के चेहरे पर लगातार बनी रहे। इस विश्वास को बनाये रखने के लिए हमारे रेल यात्रियों से हमें मेंटेनेंस एवं आवश्यक रेल विकास कार्यों के दौरान होने वाली असुविधा के लिए सहयोग की आशा रहती है।

---

## दो दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

लोकशक्ति । संवाददाता।

**रायपुर।** भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 का आयोजन, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा दिनांक 05-02-2024 एवं 06-02-2024 को सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के ही पांच टीमें रायपुर, ग्वालियर, नागपुर, राजकोट और जयपुर भाग ले रही है। दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री पी.सी. माझी, प्रधान महालेखाकार छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का नॉक आउट मैच जयपुर और राजकोट के बीच खेला गया, जिसमें प्रथम जयपुर की टीम ने राजकोट की टीम को 4-0 से पराजित किया। उसके उपरांत प्रथम सेमिफ़ाइनल मैच रायपुर और नागपुर के बीच खेला गया जिसमें नागपुर की टीम ने रायपुर की टीम को 7-2 से पराजित किया। उसके उपरांत प्रथम मैच के विजेता टीम जयपुर और ग्वालियर के बीच दूसरा सेमिफ़ाइनल मैच तथा फ़ाइनल मैच कल दिनांक 06.02.2024 को खेला जाना है। प्रधान महालेखाकार तथा प्रधान महालेखाकार के सभी उप-महालेखाकार क्रमशः श्रीमती जी. इजिलारसि, और कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रोफेसर कॉलोनीवासियों ने अवैध रूप से संचालित दुकानों की शिकायत , स्ट्रीट लाईट लगवाने जनदर्शन में दिया आवेदन

लोकशक्ति । संवाददाता।

दुर्ग। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचें लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा।

जनदर्शन में आज 170 आवेदन प्राप्त हुए। प्रोफेसर कॉलोनी के निवासियों ने अवैध रूप से संचालित दुकानों की शिकायत करते हुए बताया कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं साईंस कॉलेज के पास प्रोफेसर कॉलोनी दीपक नगर जाने वाले रोड पर अवैध रूप से दुकानों का संचालन किया जा रहा है, दुकानों में आने वाले ग्राहकों द्वारा रोड पर गाड़ी खड़ी कर देते हैं, जिससे कॉलोनी में आने जाने वालों को परेशानी होने के साथ वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती है। साथ ही स्कूल की निर्धारित परिधि के आसपास दुकानों के संचालन से असामाजिक व मनचले युवाओं द्वारा स्कूल में जाने वाले बच्चों से छेड़खानी करते हैं। कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को ध्यान देते हुए नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम पोटियाकला वासियों ने स्ट्रीट लाईट लगवाने दिया आवेदन। उन्होंने बताया कि ग्राम पोटियाकला वार्ड 54 में स्ट्रीट लाईट नही होने की वजह से अंधेरे के कारण असामाजिक तत्व का जमावाड़ा बना रहता है, जिससे कारण मोहल्लेवासियों को अंधेरे के कारण आने जाने में परेशानी होती है। इसी प्रकार खोपली निवासी ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। खोपली निवासी गंगा अत्यंत गरीब एवं कमजोर वर्ग की है। रोजी मजदूरी कर अथवा भरण पोषण करती है। आर्थिक रूप से सक्षम नही होने के कारण अपना इलाज करवाने में असमर्थ है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर के निवासियों ने शिकायत करते हुए बताया कि मिनी स्टेडियम में सालभर होने वाले क्रिकेट मैच में लाउडस्पीकर, डीजे और ड्रम का उपयोग करते हैं जिससे ध्वनि प्रदूषण होता है, जो कि रात 12 बजे तक चलता रहता है। क्षेत्र के आसपास के निवासियों विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को इन घटनाओं के कारण ध्वनि प्रदूषण के साथ कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। निवासियों द्वारा मिनी स्टेडियम में होने वाले आयोजनों से नही है, बल्कि ध्वनि प्रदूषण से होने वाले कष्टो से है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम खपरी निवासी कृषक ने खेत के पानी निकासी हेतु नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वह कृषि कार्य कर अपने परिवार का जीवकोपार्जन करता है। खेत के सीमा से रोड निर्माण होने के कारण से खेत से पानी का निकासी नही हो पाता है, जिसके कारण खेतों में पानी भरा रहता है। बरसात के समय बारिश का पानी खेत में भर जाने के कारण कृषि कार्य करने में असुविधा होती है।

---

# महतारी वंदन योजनाः दुर्ग जिले में पहले दिन 13,997 महिलाओं ने किया आवेदन

लोकशक्ति । संवाददाता।

दुर्ग। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देन के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन भरना प्रारम्भ हो गया है। योजनांतर्गत दुर्ग जिले के सभी परियोजनाओं में कुल 1,04,000 आवेदन पत्र वितरित किए गए एवं आवेदकों से पहले दिन कुल 13,997 आवेदन पत्र निगम कार्यालय एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जमा किया गया है।



महतारी वंदन योजना में महिलाओं द्वारा इस योजना के प्रति सकारात्मक सहयोग किया जा रहा है व जिले की महिलाओं में उत्साह का वातावरण है। इस योजना के अंतर्गत सिंधिया नगर के वर्षा देवेन्द्र वासिंग ने महतारी वंदन योजना के तहत अपना फार्म भरा। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे हर महीने एक हजार प्राप्त होने वाली राशि से घर की छोटी-मोटी तकलीफें से हमे निजात मिलेगा। बच्चों की पढ़ाई, आर्थिक स्थिति में हम परिवार की मदद कर सकेंगे।

योजना को लेकर कंचन राय ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं और पति प्राईवेट नौकरी करते हैं। उन्होंने कहा की हम महिलाओं के लिए यह योजना बहुत अच्छी है। खासकर जो मध्यम वर्ग व छोटे परिवार के लिए यह सहयोग राशि बहुत ही लाभदायक है।

इस राशि से हमें छोटे-छोटे परिवारिक खर्च करने में सहायता मिलेगी। इसी प्रकार तितुरडीह निवासी श्रीमती प्रमिला मण्डावी उम्र 40 वर्ष ने भी अपना फार्म भरा। उन्होने बताया कि इससे जो मुझे लाभ मिलेगा वह आने वाले भविष्य में बहुत लाभप्रद रहेगा।

बच्चों की पढ़ाई, कापी-पुस्तकों एवं अन्य वस्तुओं के लिए मिलने वाली राशि का उपयोग करेगी। उन्होंने बताया कि उनके पति मजदूरी करते हैं, उनके तीन बच्चे हैं। तीनों बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठाना संभव नही हो पा रहा था, किंतु अब इस राशि के मिलने से बच्चों की पढ़ाई में सहायता मिल सकेगी। सालाना 12 हजार रुपये सरकार महिला लाभार्थियों को देगी, जिससे महिलाएं अपनी परिवार की सहायता करने में सहायक होगी। इस दौरान सभी महिलाओं ने महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किये हैं।

### संकल्प शिविर में उमड़ रही हितग्राहियों की भीड़, महतारी वंदन योजना लाभ लेने

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत महतारी वंदन योजना को राज्य सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद दुर्ग नगर पालिक निगम द्वारा आज इस योजना के क्रियान्वयन के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर ली गई। इस योजना को लेकर आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ शिविर स्थल का अवलोकन कर अधिकारी व शिविर में आये हितग्राहियों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की।आज महतारी वंदन योजना को लेकर आज 5 फ़रवरी से पंजीयन की प्रक्रिया शुरु किया गया है शहर में दो अलग-अलग स्थानों में शिविर का आयोजन किया गया। पहला शिविर सुबह आठ बजे से 12 बजे तक बघेरा सामुदायिक भवन वार्ड क्रं 56 और दूसरा शिविर 2 बजे से 6 बजे तक तितुरडीह शहीदभगत सिंग स्कूल वार्ड क्र 21 आयोजित किया गया इसके अलावा 6 फ़रवरी को जनता मार्केट पद्मनाभपुर वार्ड 46 सुबह 8 से 12 बजे तक और महावीर खेल मैदान बोरसी वार्ड 52 दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक शिविर लगाया जाएगा।आज आयोजित शिविर में हितग्राहियों ने पंजीयन करवाया।

## रायपुर की टिश्यू कल्चर लैब का बालोद जिले के गन्ना कृषकों ने किया भ्रमण

लोकशक्ति । संवाददाता।

**रायपुर।** गन्ना की फसल के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को राजधानी रायपुर स्थित गन्ना टिशु कल्चर लेब का भ्रमण कराया जा रहा है। आज बालोद जिले के 29 गन्ना कृषकों ने भ्रमण किया। वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को गन्ने के खेतों का अवलोकन के साथ ही टिशु कल्चर की तकनीक जानकारी दी गई।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों को फिल्ड में लगे गन्ना किस्म सीओजे 085, वीएसआई 8005 तथा सीओ 86032 के पौधों का प्रत्यक्ष अवलोकन भी कराया गया। किसानों को बताया गया कि टिश्यू कल्चर पौध तैयार करने में लागत प्रति पौध 2.50 रूपये आती है। प्रति हेक्टेयर 7000 पौधे की आवश्यक होती है, जिसकी लागत 17,500 रूपये हाती है। इसका उत्पादन प्रति हेक्टेयर 1000 क्विंटल आता है। इसे एमआरपी की दर से बेचने पर आय 03 लाख 55 हजार रूपये प्राप्त होगी। अगर आदान सामग्री लागत 01 लाख रूपये घटा दिया जाए तो कृषकों को 02 लाख रूपये तक शुद्ध लाभ मिल सकती है। जिससे कृषकों की आय दुगुनी होने में सहायक होगी तथा गन्ने की खेती का क्षेत्र बढ़ेगा और अन्य कृषक भी गन्ना शेड से बोने की तकनीक को छोड़कर गन्ना टिश्यू कल्चर पौध बोने लगेंगे, जिससे बालोद जिले में स्थित शक्कर कारखाना को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध हो सकेगा।

बलोद जिले के भ्रमण करने वाले गन्ना कृषकों में बालोद विकासखण्ड से 07, गुरूर विकासखण्ड से 05, डौण्डी विकासखण्ड से 05, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड से 05 एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड से 07 किसान शामिल थे।



महतारी वंदन योजना को लेकर जिले की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़ी संख्या में योजना का फ़ॉर्म भरने पहुंच रही हैं। मौहारी भाटा वार्ड नंबर 28 महासमुंद निवासी धनेश्वरी पटेल ने महतारी वंदन योजना का फ़ॉर्म भरा और कहा कि इस योजना से हम जैसे विवाहित महिलाओं को अब एक हजार रुपये प्रतिमाह मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना रोजाना आर्थिक जरूरतों का सहारा बनेगी। स्वयं के पोषण आहार सहित घरेलू अन्य चीजों के लिए इस रुपये से बड़ी मदद मिलेगी। पूजा शर्मा कहती हैं कि महतारी वंदन योजना बहुत अच्छी योजना है। इस योजना से मुझ जैसी अनेक महिलाओं को लाभ मिलेगा और हम अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा कर सकेंगी और हमें किसी से पैसा उधार नहीं लेना पड़ेगा। आज हम जैसे सभी महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय ने जो कहा उसे पूरा करके दिखा रहे है। इस योजना के लिए महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है।

## संक्षिप्त खबरें...

### नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरण निपटाने कलेक्टर से की गई चर्चा



**बेमेतरा।** वर्ष 2024 के प्रथम नेशनल लोक अदालत 9 मार्च के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा जिला न्यायाधीश कक्ष में कलेक्टर रणवीर शर्मा व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, एस.डी.ओ.पी. मनोज तिर्की एवं न्यायाधीशगण की बैठक ली गई। उक्त बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर में आयोजित कर न्यायाधीशगण एवं राजस्व अधिकारीगण को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों में मध्य प्री-सिटिंग कराकर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों को निराकरण करने प्रोत्साहित किया एवं पूर्व में चिन्हांकित राजीनामा योग्य प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा योग्य प्रकरणों में अधिक अधिक से पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग करने के लिए चर्चा की गई। अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों को लोक अदालत में निराकृत किये जाने हेतु कलेक्टर से चर्चा की गई। राजस्व न्यायालयों में लंबित खातेदारों के मध्य आपसी बटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बटवारे के मामले, याददाश्त के आधार पर बटवारों के मामलें, कब्जे के आधार पर बटवारों के मामलें, सुखाधिकार से संबंधित मामलें, विकय पत्र, दान पत्र वसियतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले का निपटारा सरल तरीके से किया जा सकता है। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराकम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण किया जाना है। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसके संबंध में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में चर्चा की।

### बेटी की शादी में पिता ने मेहमानों को भेंट किए हेलमेट...

**कोरबा।** शादी का सिलसिला शुरू हो गया है। शादी के इस सीजन में लोग कुछ खास और अलग करना चाहते हैं। कोरबा में बस इसी तरह एक अलग ही अंदाज में शादी का नजारा देखने को मिला। यहां शादी में बाइक से आए लोगों को हेलमेट बांटा गया। इतना ही नहीं, लोगों ने हेलमेट पहनकर डांस भी किया और लोगों को सुरक्षा को लेकर जागरुक किया है। जानकारी के अनुसार, मुड़ापार के रहने वाले सेद यादव के परिवार में 38 सदस्य हैं। सेद कुमार यादव की बड़ी बेटी नीलिमा यादव स्पोर्ट्स टीचर हैं। नीलिमा की शादी बिलाईगढ़ जिले के लंकाहुडा गांव में रहने वाले खम्हन यादव से हुई। शादी कार्यक्रम के दौरान उनके यहां बाइक से आए मेहमानों को हेलमेट देकर सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जागरूक किया। घर के सदस्यों ने हेलमेट पहनकर डांस किया और लोगों को हेलमेट पहनकर बाइक चलाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम काफी मनमोहक था, जिसे देखने आसपास की बस्ती के लोग भी पहुंचे हुए थे। हेलमेट डांस में 12 सदस्यों ने डांस किया। इसके अलावा इस शादी कार्यक्रम में मनमोहन गड़वा बाजा का भी लोगों ने आनंद उठाया। सेद यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ कल्चर को जिंदा रखने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ शादी की गई। गढ़वा बाजा में लोग खूब लुफ्त उठाये। सेद यादव ने ये भी बताया कि शराब पीकर वाहन न चलाएं न ऐसे चालक के साथ बैठें। आए दिन शराब के नशा के चलते हादसे हो रहे हैं। कई लोगो की जान तक जा रही हैं, ऐसे लोगो को जागरूक करने के लिए इस तरह का कार्यक्रम रखा गया है।

### वायु सेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन अब 11 फरवरी तक

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर भोस्कर की अध्यक्षता में सोमवार को जिले के सभी कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला रोजगार अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदकों को प्रोत्साहित करने और फॉर्म भरने में उनकी मदद करने के लिए सुविधा केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशनुसार जिले में वायु सेना अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने के इच्छुक आवेदकों के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया है कि वायु सेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 11 फरवरी 2024 तक नियत की गई है। जिला प्रशासन की ओर से ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने के लिए जिले के समस्त महाविद्यालयों, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियररिंग कॉलेज समस्त पोस्टमैट्रीक छात्रावास, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में 6 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। यह सुविधा केन्द्र 11 फरवरी 2024 तक प्रति दिन संचालित रहेगा। जिले के इच्छुक आवेदक अधिक से अधिक संख्या में सुविधा केंद्रों में उपस्थित होकर आवेदन भरने की सुविधा का लाभ ले सकते है।

### कलेक्टर ने वोटिंग मशीनों के एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर चौहान ने कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में प्रारंभ हुए वोटिंग मशीनों के प्रथम स्तर पर जांच (एफएलसी) कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर चौहान को इंजीनियरों ने इस जांच के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। इंजीनियरों ने बीयू,सीयू, वीवीपैट को जोड़ने वाले केबल, बैटरी, चिन्ह लोड, वीवीपैट मशीन चालू होने पर टेस्ट के लिए स्वतः निकलने वाले पेपर, सभी बटन काम कर रहे हैं कि नहीं आदि को भौतिक रूप से परीक्षण करके कलेक्टर चौहान को अवगत कराया। कलेक्टर ने इस जांच दल में कार्यरत जिला और विधानसभा मास्टर ट्रेनरों को कार्य के संबंध में जानकारी लिया। इसके साथ ही साथ चौहान को संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा से जांच, भंडारण, रखरखाव आदि के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, तहसीलदार रूपाली मेश्राम, जिला मास्टर ट्रेनर थानेश्वर चन्द्रा, जे.आर. बंजारे, चूड़ामणि गोस्वामी, एस.आर. बंजारे, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, कर्मचारी अविनाश सिदार, कुंज बिहारी गहरे आदि उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना : आवेदन की प्रकिया शुरू, महिलाओं में उत्साह

**राजधानी**

महतारी वंदन योजना को लेकर जिले की महिलाओं में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। इस योजना के तहत आज से फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए जिले के विभिन्न गांव में आयोजित समाधान शिविरों में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल में बड़ी संख्या में महिलाएं महतारी वंदन योजना का लाभ उठाने पहुंचीं और उत्साह के साथ निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन भरा। कांकेर विकासखंड के ग्राम सुरेली में आयोजित समाधान शिविर में योजना का लाभ लेने फॉर्म भरने पहुंची ग्राम भैराडीह की रहने वाली अमरबती कृशान ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार



रुपए देने का वादा किया था और आज वह पूरा हो रहा है। आज से योजना के तहत फॉर्म लेना शुरू हो गया है। अब उन्हें भी हर महीने एक हजार रुपए मिलेगा। इस राशि से उन्हें अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि वह स्वयं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं और उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि उक्त योजना का लाभ भी मिलेगा। अमरबती ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का पूर्ण होने और मुख्यमंत्री की घोषणानुसार वादा पूरा होने पर धन्यवाद दिया।

ग्राम सुरेली की सास-बहू एक साथ फॉर्म लेने पहुंचीं : इसी प्रकार ग्राम सुरेली निवासी राधाबाई जैन और उनकी बहू हेमबती जैन भी महतारी वंदन योजना का लाभ लेने व फॉर्म भरने शिविर स्थल पर पहुंचीं। उन दोनों ने योजना शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए देने की घोषणा की थी, वह आज पूरा होने जा रहा है। इसी के तहत वे दोनों सास-बहू आज महतारी वंदन योजना के तहत फॉर्म भरने पहुंची हैं। योजना से मिलने वाली राशि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी और जीवन यापन में भी मदद मिलेगी। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कबीरधाम में चला बुलडोजर : 47 दुकानें धराशाई



### अंजुमन जमात खाना की बाउंड्री वॉल भी शामिल

**कबीरधाम**

डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह नगर कवर्धा में अवैध कब्जा पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई है। शहर के कलेक्टोरेट रोड स्थित भोजली तालाब के पास अंजुमन जमात खाना की बाउंड्रीवॉल समेत अन्य लोगों के 47 दुकानों में प्रशासन का बुलडोजर चला है। यह कार्रवाई नगर पालिका और राजस्व विभाग के टीम ने की है। जानकारी के अनुसार, मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कार्रवाई की शुरूआत सोमवार सुबह नौ बजे से शुरू हुई। जिला प्रशासन का कहना है कि अवैध अतिक्रमण किए हुए लोगों को दो फरवरी को नोटिस दिया गया था। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके कारण कार्रवाई की गई। दूसरी ओर अतिक्रमण की कार्रवाई से दुकानदार नाराज हैं।

## 50 बच्चों ने झुमका बांध का किया शैक्षणिक भ्रमण

**सूरजपुर**

विकासखण्ड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली के 50 बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने झुमका बांध के बारे में जानकारी ग्रहण की। बच्चों को बांध के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षक योगेश साहू ने बताया कि झुमका बांध छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया जिले में स्थित है और झुमका नदी पर बना है। यह बांध 1982 में निर्मित हुआ था, जिसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने किया था। इस बांध का निर्माण भारतीय सागरीय प्रोजेक्ट के तहत किया गया था ताकि पानी के संग्रहण और इसका उपयोग किया जा सके। झुमका बांध एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ, कृषि उपकरण के रूप में भी महत्त्वपूर्ण है। यहाँ पर्यटकों को न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद मिलता है, बल्कि उन्हें झुमका बांध की महत्ता और यहाँ के कृषकों के जीवन में खेती की महत्ता का भी अनुभव होता है। झुमका बांध का



अपना एक विशेष महत्व है। यहाँ कृषि भूमि की सिंचाई करने से लगभग 1100 हेक्टेयर क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि होती है, जिससे 17 गांवों में रहने वाले हजारों किसानों को लाभ मिलता है। छत्तीसगढ़ के इस क्षेत्र में बांध के पास कई आदिवासी गांव भी हैं, जहां आप लोकल कला, संस्कृति और जीवनशैली का अनुभव कर सकते हैं। यहां की भौतिक सुंदरता, खासकर बांध के पास के वन्य जीवन की समृद्धता, यहां के पर्यटकों को अद्भुत प्राकृतिक अनुभव प्रदान करती है। यहां पर्यटकों को अनूठी प्राकृतिक सुंदरता, शांति, और आत्मा को नया जीवन देने वाला अनुभव मिलता है। बांध की जानकारी पाकर बच्चे काफी उत्साहित हुए। बच्चे शिक्षक के द्वारा बताए गए स्वरूप का भौगोलिक स्थिति स्वयं देख एवं जाँचा। साथ ही शैक्षणिक भ्रमण शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों में व्यक्तित्व विकास,सामाजिकता एवं समरसता का संदेश प्रदान करता है। शैक्षणिक भ्रमण में प्रधान पाठक बी.आर. हितकर, संकुल समन्वयक जीडी सिंह, अनीता सिंह, कृष्ण कुमार यादव, योगेश साहू, रघुनाथ जायसवाल, सरिता सिंह एवं रसोइयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कई वारदातों में शामिल दो ईनामी नक्सली कमांडर गिरफ्तार



**कांकेर**

कांकेर पुलिस ने पांच-पांच लाख के दो ईनामी नक्सली कमांडर विनोद अवलम और डिप्टी कमांडर आसू कोरसा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार नक्सलियों के पास से 12 बोर की बंदूक, पिस्टल समेत कई राउंड गोलियां भी बरामद की हैं। गिरफ्तार किए गए नक्सली कमांडर सैनिक और आर्मी जवान की हत्या में शामिल रहे हैं। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि नक्सल कमांडर विनोद अवलम और डिप्टी कमांडर आसू कोरसा के मुजालगोंदी गांव में मौजूद होने की सूचना पुलिस की मिली थी। इसके बाद डीआरजी और बीएसएफकी संयुक्त पार्टी गस्त पर रवाना की गई थी। जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार नक्सलियों ने कई अहम खुलासे किए हैं, जो कि नक्सल ऑपरेशन में पुलिस के लिए काफी अहम हो सकते हैं। गिरफ्तार नक्सली गुमझीर गांव के मुर्गा बाजार में नगर सैनिक की हत्या और उसेली में छुट्टी में आए आर्मी जवान की हत्या में शामिल रहे हैं। दोनों ही करीब 13 साल से नक्सल संगठन में जुड़े हुए थे और कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं।

## घर-घर सर्वे कर भरवाया जा रहा महतारी वंदन योजना का फॉर्म

### सभी ग्राम पचायतो मे लगाया गया शिविर

**गौरेला**

महतारी वंदन योजना का लाभ देने के लिए जिले में महिलाओं का पंजीयन शुरू कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मैदानी अमलों के माध्यम से घर-घर सर्वे कर ऑफलाइन आवेदन भरवा रहे हैं। सभी आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में शिविर लगाया गया है। सर्वे के दौरान आधार कार्ड, बैंक खाता आदि दस्तावेजों की कमी होने पर शिविर में ही यह दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने ग्राम पंचायतों को 10 हजार फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के लिए



छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगी। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र हैं। योजना अंतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने पर शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी से ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं। अनंतिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अनंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा।

## सभी पात्र मातृ शक्तियों को योजना से मिलेगा लाभ : कलेक्टर

### कलेक्टर ने महतारी वंदन योजनान्तर्गत आवेदन लेने आयोजित विशेष शिविरों का लिया जायजा

**जगदलपुर**

कलेक्टर विजय ने सोमवार को राज्य शासन की नवीनतम महतारी वंदन योजनान्तर्गत आवेदन प्राप्त करने के लिए आयोजित विशेष शिविरों का जायजा लिया और शिविरों में योजना से लाभान्वित होने उत्साहित महिलाओं की अधिकाधिक संख्या को देखते हुए व्यवस्थित ढंग से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस दौरान नगर पालिक निगम जगदलपुर के रोटरी क्लब और आमचो बस्तर क्लब तथा ग्रामीण ईलाके के आड़ावाल एवं बिलौरी ग्राम पंचायत में लगाए गए शिविर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मातृ शक्तियों में योजना से लाभान्वित होने के लिए गजब का उत्साह देखा गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में पहुंची माताएं-बहनें कतारबद्ध होकर आवेदन भरने की प्रक्रिया पूरी करते हुए दिखाई दीं। वहीं कुछ महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करते परिलक्षित हुए। कलेक्टर विजय ने इन शिविरों में महिलाओं से कहा कि शासन की यह बहुत अच्छी योजना है, सभी पात्र मातृ शक्तियों को



इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम पंचायत के लिए विशेष शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। आवेदन भरने के लिए 15 दिन का समय है इसलिए पढ़े-लिखे होने पर भी पूरी सावधानी से आवेदन भरें। जो आवेदन नहीं भर सकते हैं उनके आवेदन भरने हेतु स्थानीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारियों द्वारा आवेदन भरने के लिए पूरी मदद किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित वार्ड पार्षद तथा पंचायत पदाधिकारियों को भी योजना की विस्तृत जानकारी देने तथा आवेदन भरने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने कहा। वहीं महिलाओं के बैठने तथा पेयजल की उपलब्धता और अन्य व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने आवेदन प्राप्त करने के लिए गर्भवती व निःशक्त महिलाओं सहित बुजुर्ग महिलाओं को प्राथमिकता देकर उनके कार्य को पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अरुण पाण्डेय, सीईओ जनपद पंचायत जगदलपुर अमित भाटिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। महिलाओं ने कहा वादे पूरे करने वाली सरकार की उत्कृष्ट पहल,महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा : राज्य शासन की नवीन महतारी वंदन योजना से महिलाएं खासा उत्साहित हैं और इसे वादे पूरे करने वाली सरकार की उत्कृष्ट पहल निरूपित कर रहे हैं। इस बारे में जगदलपुर नगर स्थित बस्तर क्लब के शिविर में पहुंची वीर सावरकर वार्ड निवासी अनिता गुप्ता ने बताया कि इस योजना से महिलाएं काफी खुश हैं, जिन्हें नरेंद्र मोदी की गारंटी का लाभ सरकार बनते ही मिल रहा है।

वहीं आड़ावाल नयापारा निवासी सरिता नेताम ने कहा कि इस योजनान्तर्गत साल में 12 हजार रुपए मिलने की काफी खुशी है, इससे उनके आर्थिक विकास में काफी मदद मिलेगी। राज्य सरकार की यह योजना महिलाओं के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा, जिससे निचले तबके की महिलाएं राहत महसूस करेंगी। इसी तरह आड़ावाल की नीता रवानी एवं किरण सिंह ने कहा कि महिलाओं को मिलने वाली इस योजना के लाभ से उनके आर्थिक दशा में सुधार आएगी तथा यदि महिलाएं थोड़ी-थोड़ी कुछ बचत कर वे अपने लिए भविष्य में जरूरत के अनुसार उपयोग कर सकती हैं। सरकार की महतारी वंदन योजना को लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)